राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# क्रांति समय

कार्यालय ऑफिस
क्रांति समय दैनिक समाचार में प्रेसनोट,नोटिस,वेपार संबंधित संपर्क करें
पता:- एस.टी.पी.आई-सुरत-395023
संपर्क नं.-9879141480
ईमेल:-info.krantisamay@gmail.com

सुरत गुजरात से प्रकाशित, मुंबई,उत्तरप्रदेश,बिहार,राजस्थान,मध्यप्रदेश,उत्तरांचल,उत्तराखंड,दिल्ली,हरियाणा में प्रकाशित

सुरत–गुजरात,संस्करण शुक्रवार 16 जून 2023 वर्ष–6,अंक–142 पृष्ठ–08 मूल्य–01रूपये

Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

## चक्रवात से निपटने इंडियन नैवी तैयार, 33 एनडीआरएफ की टीमें भी जुटीं

### पल पल की ली जा रही पडेट, आपातकालीन सेवा के लिए हर जगह कंट्रोल रूम बनाए

**नई दिल्ली ।**

चक्रवात बिपारजॉय के गुरुवार को गुजरात के कच्छ जिले में जखाऊ बंदरगाह के पास पहुंचने की संभावना है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार सौराष्ट्र-कच्छ क्षेत्र के कुछ हिस्सों में तेज हवाओं के साथ भारी बारिश हुई। मई 2021 में तौकते के बाद दो साल में राज्य में आने वाला यह दूसरा चक्रवात होगा। आईएमडी ने कहा कि चक्रवात बिपारजॉय गुरुवार शाम को बेहद गंभीर चक्रवाती तूफान के रूप में जखाऊ बंदरगाह के पास पहुंचेगा, जहां अधिकतम हवा की गति 150 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच सकती है। वहीं गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल बुधवार रात गांधीनगर में राज्य आपातकालीन संचालन केंद्र (एसईओसी) पहुंचे और शीर्ष अधिकारियों के साथ बैठक की और स्थिति और प्रशासन द्वारा अब तक उठाए गए कदमों की समीक्षा की। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि राज्य प्रशासन ने एहतियात के तौर पर तट के पास रहने वाले 74,000 से अधिक लोगों को स्थानांतरित कर दिया है और बचाव और राहत उपायों के लिए आपदा प्रबंधन इकाइयों को तैनात किया है।

जानकारी के अनुसार आठ तटीय जिलों में कुल 74,345 लोगों को अस्थायी आश्रयों में ले जाया गया, अकेले कच्छ जिले में लगभग 34,300 लोगों को निकाला गया, इसके बाद जामनगर में 10,000, मोरबी में 9,243, राजकोट में 6,089, देवभूमि द्वारका में 5,035, जूनागढ़ में 4,604, पोरबंदर जिले में 3,469 लोगों को निकाला गया। और गिर सोमनाथ जिले में 1,605, गुजरात सरकार की एक विज्ञप्ति में कहा गया है। इसी तरह गुजरात के दो सबसे प्रसिद्ध मंदिर - देवभूमि द्वारका में द्वारकाधीश मंदिर और गिर सोमनाथ जिले में सोमनाथ मंदिर - गुरुवार को भक्तों के लिए बंद रखे गए। आईएमडी ने कहा कि राज्य के कुछ हिस्सों में बारिश की तीव्रता बढ़ जाएगी क्योंकि चक्रवात आ रहा है,



कच्छ, देवभूमि द्वारका और जामनगर जिलों में अलग-अलग जगहों पर अत्यधिक भारी बारिश होने की संभावना है।

## पहला कॉलम



### अफ्रीका महत्वपूर्ण स्थान रखता है भारत की विदेश नीति में : एस. जयशंकर

**नयी दिल्ली ।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा है कि भारत की विदेश नीति में अफ्रीका महत्वपूर्ण स्थान रखता है। भारत, अफ्रीका के साथ एक विकास साझेदारी कायम करने में विश्वास करता है, जो भागीदार देशों की जरूरतों और प्राथमिकताओं पर आधारित हो। जयशंकर ने भारत-अफ्रीका विकास साझेदारी पर एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि भारत के लिए, अफ्रीका का उदय वैश्विक पुनर्संतुलन के लिहाज से महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, अफ्रीका के साथ भारत की विकास साझेदारी में डिजिटल, हरित, स्वास्थ्य देखभाल, खाद्य सुरक्षा और जल पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, जो अफ्रीका की प्राथमिकताओं के अनुरूप है।सम्मेलन का आयोजन भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) और एक्जिम बैंक ऑफ इंडिया ने संयुक्त रूप से किया था। इस अवसर पर भारत-अफ्रीका द्विपक्षीय व्यापार प्रवाह में महत्वपूर्ण वृद्धि का उल्लेख करते हुए, जयशंकर ने आशा व्यक्त की कि अफ्रीका महाद्वीपीय मुक्त व्यापार क्षेत्र (एफसीएफटीए) के कार्यान्वयन से अफ्रीका में भारतीय कंपनियों के निवेश में वृद्धि का मार्ग प्रशस्त होगा। उन्होंने कहा कि भारत पहले से ही अफ्रीका में शीर्ष पांच बड़े निवेशकों में शामिल है तथा यह निवेश और बढ़ेगा।

### गलवान घाटी के शहीदों को राहुल और प्रियंका गांधी ने दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली ।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा ने गलवान घाटी संघर्ष में शहीद हुए 20 भारतीय सैनिकों की शहादत के तीन साल पूरे होने पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कांग्रेस के दोनों नेताओं ने कहा कि राष्ट्र हमेशा उनका शुक्रगुजार रहेगा। गलवान घाटी संघर्ष के तीन साल पूरे होने पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को ट्वीट करके लिखा, गलवान घाटी में शहीद हुए जवानों को विनम्र श्रद्धांजलि। देश की सीमाओं की रक्षा के लिए उनके सर्वोच्च बलिदान को हमेशा याद किया जाता रहेगा। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने भी जवानों को श्रद्धांजलि देकर कहा, गलवान घाटी में देश की सुरक्षा करते हुए शहीद हुए सभी जवानों को सलाम। हम वीर जवानों की शहादत कभी नहीं भूलेंगे और हमेशा उनके ऋणी रहेंगे। बता दें कि गलवान घाटी में चीनी सैनिकों के साथ भारतीय सेना के जवानों की 15 जून 2020 को झड़प हो गई थी। इस घटना में भारतीय सेना के 20 जवान शहीद हो गए थे।

### बंगाल पंचायत चुनाव- केंद्रीय बलों की तैनाती पर हाईकोर्ट पहुंचा राज्य चुनाव आयोग

**कोलकाता ।** बंगाल राज्य चुनाव आयोग ने आगामी पंचायत चुनाव में सात संवेदनशील जिलों में केंद्रीय सशस्त्र बलों की तैनाती के लिए कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश टी.एस. शिवगणनम और न्यायमूर्ति हिरण्मय भट्टाचार्य की पीठ के समक्ष पूर्व के आदेश पर एक समीक्षा याचिका दायर की। आयोग ने केंद्रीय सशस्त्र बलों की तैनाती पर कोई फैसला नहीं लिया था। अब समीक्षा याचिका के साथ कलकत्ता उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने के फैसले के साथ, विपक्षी दलों ने सवाल करना शुरू कर दिया है कि ग्रामीण निकाय चुनावों में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए आयोग कितना ईमानदार है। इस बीच, बंगाल में भाजपा की राज्य इकाई ने भी गुरुवार को कलकत्ता उच्च न्यायालय की उसी खंडपीठ के समक्ष जाने का फैसला किया है, इसमें स्पष्टीकरण मांगा गया है कि आयोग केंद्रीय बलों की तैनाती पर कोई निर्णय लेने में अनिच्छुक क्यों है। इस बीच, पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता, शुभेंदु अधिकारी ने पश्चिम बंगाल कैबिनेट के एक सदस्य और राज्य पुलिस के जिला अधीक्षक पर एक बैठक कर चुनाव के दिन धांधली पर चर्चा करने का आरोप लगाया। एक ट्विटर संदेश में अधिकारी ने आरोप लगाया, इस समय होटल सिंक्लेयर्स बर्दवान के कमरा नंबर 121 में मंत्री अरूप बिस्वास, टीएमसी विधायक खोकन दास, पुरबा बर्धमान जिला टीएमसी अध्यक्ष और विधायक रवींद्रनाथ चटर्जी के बीच एक बैठक चल रही है।

## मणिपुर के इंफाल शहर में सुरक्षाबलों और उपद्रवियों के बीच झड़प, आंसू गैस के गोले छोड़े



**नेशनल डेस्क-**

मणिपुर के इंफाल शहर में एक बार फिर से उपद्रवियों ने इंफाल घाटी में कई घरों में आगजनी की। सुरक्षाबलों और उपद्रवियों के बीच झड़प देखने को मिली। इतना ही नहीं इस बीच शहर में आंसू गैस के गोले छोड़े गए।

इससे पहले इंफाल पश्चिम जिले के लाम्फेल इलाके में बुधवार रात अज्ञात लोगों ने मणिपुर की महिला मंत्री नेमचा किपजेन के आधिकारिक आवास में आग लगा दी थी। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने कहा कि जातीय संघर्ष से प्रभावित मणिपुर के खमेनलोक इलाके के एक गांव में संदिग्ध बदमाशों के हमले में नौ लोगों की मौत हो गई और 10 घायल हो गए।

कुकी समुदाय की नेता किपगेन के आवास में जब आग लगाई गई, तब उसमें कोई नहीं था। दमकलकर्मियों ने घटनास्थल पर पहुंचकर आग पर काबू पा लिया। अभी तक किसी समूह ने आगजनी की जिम्मेदारी नहीं ली है। अधिकारियों ने बताया कि इससे पहले, मंगलवार देर रात करीब एक बजे हथियारबंद बदमाशों ने इंफाल पूर्वी जिले और कांगपोकी जिले की सीमा से लगे खमेनलोक क्षेत्र के कुकी गांव को घेरकर हमला शुरू कर दिया।

इसके बाद हुई गोलीबारी में दोनों पक्षों के लोग हताहत हो गए। यह क्षेत्र मेइती-बहुल इंफाल पूर्वी जिले और आदिवासी बहुल कांगपोकपी जिले की सीमाओं के पास स्थित है। इस बीच, जिला अधिकारियों ने इंफाल पूर्वी जिले और इंफाल पश्चिम जिले में कर्फ्यू में छूट के घंटे कम कर दिये हैं। पहले यह छूट सुबह पांच बजे से शाम छह बजे तक थी, लेकिन अब इसे नौ बजे से छह बजे कर दिया गया है। मणिपुर के 16 में से 11 जिलों में कर्फ्यू लागू है, जबकि इंटरनेट सेवाएं निलंबित हैं।

## बंगाल में वाम मोर्चा और कांग्रेस के समर्थक तीन लोगों को गोली मारी गई

### टीएमसी पर गोलीबारी करने का आरोप

**कोलकत्ता ।**

पश्चिम बंगाल के उत्तर दिनाजपुर जिले में पंचायत चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने जा रहे 3 लोगों को गोली मार दी गई। सीपीआई (एम) ने दावा किया कि तीनों घायल व्यक्ति वाम मोर्चा और कांग्रेस के समर्थक थे, जिन्हें तब गोली मारी गई जब वे नामांकन दाखिल करने के लिए चोपड़ा ब्लॉक कार्यालय जा रहे थे। अधिकारी ने कहा कि तीनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनमें से एक की मौत हो गई। सीपीएम ने दावा किया है कि उसके कार्यकर्ता मनसूर अली की मौत गोली लगने से हुई है। राज्य चुनाव आयुक्त (एसईसी) राजीव सिन्हा ने घटना पर टिप्पणी करने से मना करते हुए कहा कि उन्हें अभी तक इस बारे में कोई रिपोर्ट नहीं मिली है। सीपीआई (एम) के राज्य सचिव मोहम्मद सलीम ने आरोप लगाया कि हमले के पीछे टीएमसी का हाथ है। सलीम ने ट्वीट किया, उत्तर दिनाजपुर के चोपड़ा ब्लॉक में अभी टीएमसी के गुंडों द्वारा कार्यकर्ताओं और उम्मीदवारों पर गोलियां चलाई गई हैं। वाम–कांग्रेस समर्थक नामांकन दाखिल करने के लिए ब्लॉक कार्यालय जा रहे थे। बता दें कि बंगाल में कांग्रेस और लेफ्ट गठबंधन में चुनाव लड़ रहे हैं। सत्तारूढ़ टीएमसी ने लेफ्ट कांग्रेस के आरोप को खारिज कर दिया। त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था में लगभग 75,000 सीटों के लिए मतदान 8 जुलाई को होगा और शुक्रवार को नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि है। पश्चिम बंगाल राज्य चुनाव आयोग (एसईसी) 8 जुलाई को होने वाले पंचायत चुनावों के लिए राज्य में केंद्रीय सशस्त्र बलों की तैनाती के खंडपीठ के आदेश के खिलाफ कलकत्ता उच्च न्यायालय में एक समीक्षा याचिका दायर करने की तैयारी कर रहा है।

## कांग्रेस का मोदी सरकार पर हमला, चीन के मामले में मोदी सरकार की लाल आंखें धुंधला गई

**नई दिल्ली ।** चीनी सैनिकों के साथ साल 2020 में गलवान घाटी में भारतीय सैनिकों की झड़प के तीन साल पूरे होने पर कांग्रेस ने पीएम मोदी पर निशाना साधा हैं। कांग्रेस ने झड़प में शहीद हुए 20 भारतीय सैनिकों को श्रद्धांजलि दी। कांग्रेस ने वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर यथास्थिति बरकरार नहीं रखने का आरोप लगाकर मोदी सरकार पर सवाल खड़े किए। कांग्रेस ने पीएम मोदी के चीन को क्लीन चिट देने को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए बड़ा झटका माना है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने ट्वीट में लिखा, तीन साल पहले गलवान घाटी में सर्वोच्च बलिदान पाने वाले 20 जवानों को हम दिल से श्रद्धांजलि देते हैं। एलएसी पर यथास्थिति बनाए रखने में मोदी सरकार नाकाम रही है। हमारी सरकार ने 65 में से 26 पेट्रोलिंग प्वाइंट्स (पीपी) से कब्जा खो दिया है। केंद्र पर प्रहार करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में नेता विपक्ष खड़गे ने आरोप लगाया, हमने कई मौकों पर संसद में इस मुद्दे को उठाने की कोशिश की, मगर मोदी सरकार देश की जनता को अंधेरे में रखना चाहती है। गलवान पर चीन को मोदी जी की क्लीन चिट से उसने अपने नापाक मंसूबों को हासिल किया है। यह हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा और देश की अखंडता के लिए बड़ा झटका है।मोदी सरकार की लाल आंख धुंधला गई है और उस पर चीनी चश्मा लगा हुआ है। एक जिम्मेदार विपक्ष के रूप में हमारा काम चीन की विस्तारवादी नीति के खिलाफ देश को एकजुट करना और मोदी सरकार को सच का आईना दिखाना है।

## अपनी विफलताओं को छुपाने यूसीसी को लेकर नया नाटक कर रही मोदी सरकार : कांग्रेस

**नई दिल्ली ।**

कांग्रेस ने समान नागरिक संहिता (यूसीसी) पर केंद्र सरकार पर हमलावार हैं। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि विधि आयोग द्वारा समान नागरिक संहिता को लेकर उठाया गया नया कदम यह दर्शाता है कि मोदी सरकार अपनी विफलताओं से ध्यान भटकाने और ध्रुवीकरण के अपने एजेंडे को वैधानिक रूप से जायज ठहराने के लिए आतुर है। कांग्रेस पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि विधि आयोग को अपनी विरासत का ध्यान रखना चाहिए और यह याद रखना चाहिए कि देश के हित भारतीय जनता पार्टी की राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं से अलग होते हैं। उल्लेखनीय है कि विधि आयोग ने कहा कि आयोग ने राजनीतिक रूप से संवेदनशील मुद्दा 'समान नागरिक संहिता (यूसीसी) पर लोगों और मान्यता प्राप्त धार्मिक संगठनों के सदस्यों सहित विभिन्न हितधारकों के विचार आमंत्रित कर नए सिरे से परामर्श की प्रक्रिया शुरू कर दी। इसके पहले, 21वें विधि आयोग ने मुद्दे की पड़ताल की थी और समान नागरिक संहिता पर दो मौकों पर सभी हितधारकों के विचार मांगे थे। उसका कार्यकाल अगस्त 2018 में समाप्त हो गया था।रमेश ने कहा, यह बात अजीबोगरीब है कि विधि आयोग नए सिरे से राय ले रहा है, जबकि आयोग ने अपनी विज्ञप्ति में खुद स्वीकार किया है कि उसके पहले के विधि आयोग ने इस विषय पर अगस्त 2018 में परामर्श पत्र प्रकाशित किया था। उन्होंने दावा किया कि इसका कोई कारण नहीं दिया गया कि इस विषय पर अब विचार क्यों हो रहा है। रमेश ने कहा कि विधि आयोग ने इस विषय की विस्तृत और समग्र समीक्षा करने के बाद कहा था कि फिलहाल न समान नागरिक संहिता की जरूरत है और ना ही यह वांछित है। उन्होंने आरोप लगाया, ''यह ताजा प्रयास बताता है कि मोदी सरकार अपनी विफलताओं से ध्यान भटकाने और ध्रुवीकरण के अपने एजेंडे को वैधानिक रूप से सही ठहराने के लिए व्याकुल है। कांग्रेस महासचिव ने कहा, विधि आयोग ने दशकों से राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों पर बहुत सारे काम किए हैं।

## दिल्ली में उपजा बड़ा जल संकट, राष्ट्रपति भवन भी रहेगा प्रभावित

### -नेहर की बाउंड्री में आई दरार के चलते 30 लाख लोगों होगी पानी की किल्लत

**नई दिल्ली ।**

दिल्ली में इस समय पानी की भारी किल्लत होने जा रही है, यहां तक कि राष्ट्रपति भवन भी इससे अछूता नहीं रहेगा। ताजा जानकारी के अनुसार यहां की एक बड़ी आबादी को अगले दो-तीन दिन पानी की किल्लत झेलनी पड़ सकती है। नई दिल्ली, उत्तर और पश्चिमी दिल्ली के कुछ हिस्सों में रहने वाले लगभग 30 लाख लोगों को लो प्रेशर पर पानी मिल सकता है। इसकी वजह है सोनीपत स्थित बड़वासनी गांव के पास मुनक नहर का करियर लाइन चैनल का (सीएलसी) क्षतिग्रस्त होना। इसके जरिए दिल्ली को पानी आपूर्ति होती है। वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह लाइन दिल्ली हरियाणा सीमा से 20 किलोमीटर अपस्ट्रीम पर है। बताया जा रहा है` कि नहर एक प्रमुख चैनल है जो यमुना के पानी को हरियाणा से दिल्ली तक लाता है। इससे सीधे दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) के दो जल उपचार संयंत्र -बवाना और हैदरपुर को भी पानी मिलता है। अधिकारियों ने कहा कि नहर के पानी का इस्तेमाल नांगोली और द्वारका संयंत्रों को आंशिक रूप से चलाने के लिए भी किया जाता है। यहां सोमवार सुबह बाउंड्री टूटने की सूचना मिली थी, और अधिकारियों को अभी तक इसके कारणों का पता नहीं चल पाया है। इधर दिल्ली जल बोर्ड ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि नई दिल्ली में कई महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों जैसे राष्ट्रपति भवन, सुप्रीम कोर्ट, दिल्ली हाई कोर्ट और विभिन्न देशों के दूतावासों और उत्तरी और पश्चिमी दिल्ली में कई आवासीय क्षेत्रों में पानी की आपूर्ति तब तक प्रभावित रहेगी, जब तक बाउंड्री में आई दरार की मरम्मत नहीं हो जाती। डीजेबी ने कहा कि पीतमपुरा, शालीमार बाग, सरस्वती विहार, पश्चिम विहार, राजा गार्डन, ज्वाला हेड़ी, रमेश नगर के निवासियों को भी पानी की कमी का सामना करना पड़ सकता है। जल मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि सीएलसी और दिल्ली उप शाखा नहरें हैदरपुर, बवाना, नांगलोई और द्वारका में उपचार संयंत्रों को रॉ पानी की आपूर्ति करती हैं।

## जनवरी 2024 में पीएम मोदी के करकमलों से रामलला अपने भव्य मंदिर में विराजमान होंगे : योगी

### अयोध्या दुनिया की सुंदरतम नगरी के रूप में रहेगी

**अयोध्या ।**

यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज अयोध्या में 32 हजार करोड़ की परियोजनाओं के कार्य हो रहे हैं। इतनी परियोजना देश के किसी एक शहर में नहीं चल रही होगी। जिस दिन यह कार्य जमीनी धरातल पर उतरेंगे, अयोध्या दुनिया की सुंदरतम नगरी के रूप में रहेगी। मुख्यमंत्री योगी ने पीएम नरेंद्र मोदी सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने पर गुरुवार को योगीराज भरत जी की तपोस्थली नंदीग्राम, भरतकुंड में आयोजित जनसभा को संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि जनवरी में जब पीएम मोदी के करकमलों से भगवान रामलला के 500 वर्ष बाद अपने स्वयं के मंदिर में विराजमान होने पर दुनिया अयोध्या की तरफ आकर्षित होगी। यहां मुख्य रेलवे स्टेशन का विकास हो रहा है। सूर्यकुंड व भरतकुंड में भी रेलवे विकास के कार्य प्रारंभ हो रहे हैं। इंटरनेशनल एयरपोर्ट भी इसी वर्ष बनकर तैयार हो जाएगा। यहां के लिए इतने अवसर आने जा रहे हैं कि जो अयोध्या नहीं आया होगा वहां पछताता होगा। जिसने यहां जन्म नहीं लिया होगा, वह भी प्रार्थना कर रहा होगा कि हमें भी अयोध्या में जन्म लेने का अवसर मिलता, तब हम भी सौभाग्यशाली होते। राम के बिना हमारा जीवन अधूरा माना जाता है। जिस रूप में प्रभु राम को पूजा है, भक्ति की है, वह साकार रूप में हम सबके सामने रामलला के रूप में मंदिर निर्माण के साथ विराजमान होकर दर्शन देंगे। सीएम ने प्रभु श्रीराम से प्रधानमंत्री मोदी के स्वस्थ व दीर्घ जीवन के साथ उनके यशस्वी कार्यकाल के लिए प्रार्थना करते हुए उनका मार्गदर्शन व नेतृत्व भारत को मिलता रहे, यही प्रार्थना करता हूं। इस दौरान अयोध्या के विकास की झलक पर आधारित लघु फिल्म भी दिखाई गई।

योगी ने कहा कि हर बड़ी सिटी अयोध्या से जुड़ना चाहती है। यह नई अयोध्या है। इस बार दीपोत्सव का 21 लाख दीप प्रज्जे जवलन का लक्ष्य रखिए। सभी घाटों, मठ-मंदिर, सूर्यकुंड-भरत कुंड के साथ दीपोत्सव में अयोध्या के हर घर में दीप प्रज्जे जवलन के कार्यक्रम होने चाहिए। अभी से इसकी तैयारी प्रारंभ कर दें। अगले वर्ष हमारे श्रीराम आने वाले हैं। अपने घर-महल में विराजमान होने वाले हैं। इसकी तैयारी दीपोत्सव के साथ प्रारंभ होनी चाहिए। 21 जून को योग महोत्सव का कार्यक्रम होगा। हमें इनसे जुड़ना चाहिए।

सीएम ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में नया भारत वैश्विक मंच पर सम्मान पाता है। पीएम मोदी का यशस्वी नेतृत्व को जनता का आशीर्वाद मिलता रहेगा और भारत तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा। इससे प्रति व्यक्ति की आय में वृद्धि होगी। कनेक्टिविटी बेहतर होगी।

## 2024 में बीजेपी 350 से अधिक सीट जीतेगी, नरेन्द्र मोदी तीसरी बार बनेंगे प्रधानमंत्री: केशव प्रसाद मौर्य

**(एजेंसी)**

उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बृहस्पतिवार को कहा कि अगले साल लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) 350 से अधिक सीट जीतेगी क्योंकि लोग चाहते हैं कि नरेन्द्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लें। 'मोदी (सरकार) के नौ साल' पर यहां संवाददाता सम्मेलन के अवसर पर एक बातचीत में मौर्य ने कहा कि सरकार यौन उत्पीड़न के आरोपों से घिरे पार्टी सांसद और भारतीय कुश्ती महासंघ के प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह पर चुप नहीं है तथा जांच चल रही है। उन्होंने कहा, ''भाजपा के सिपाही के तौर पर मेरी और भारत के सभी नागरिकों की इच्छा है कि 350 से अधिक सांसदों के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तीसरी बार शपथ लें।''

उन्होंने विश्वास जताया कि भाजपा 2024 के लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में 80 में से 75 सीट जीतेगी। उन्होंने दावा किया कि आगामी आम चुनाव में महाराष्ट्र में भी भाजपा (48 में से) 45 सीट जीतेगी। उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों की सत्ता की 'तड़प' जल्द खत्म नहीं होगी, क्योंकि भारत की आजादी के सौ साल पूरे होने तक यानी 2047 तक 'सर्वत्र कमल खिला रहेगा'। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा एकता को मजबूत करने के लिए इस महीने के उत्तरार्ध में विपक्षी दलों की बैठक बुलाने की पहल के बारे में पूछे जाने पर मौर्य ने कहा कि कुमार के जनता दल-यूनाइटेड (जदयू) और सत्तारूढ़ गठबंधन में 'अफरातफरी' जैसी स्थिति है।

## संपादकीय

### लू, चक्रवात और वर्षा

उत्तर भारत के ज्यादातर इलाकों में गरमी या लू से बुरा हाल है और आगामी दिनों में भी कमोबेश ऐसी ही स्थिति बनी रहेगी। मौसम विभाग के अनुसार, अगले पांच दिनों के दौरान उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल के ज्यादातर इलाकों में लू का आलम रहेगा। उत्तर भारत ही नहीं, दक्षिण में आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के ज्यादातर हिस्सों में भीषण गरमी देखी जा रही है। छत्तीसगढ़ और ओडिशा में भी गरमी से बुरा हाल है। उधर, पश्चिमी तट के ज्यादातर इलाकों में समुद्री चक्रवात बिपरजॉय की वजह से बड़ी चिंता है, आम जनजीवन और परिवहन पर व्यापक असर पड़ा है। गुजरात, महाराष्ट्र, राजस्थान में भी भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। समुद्र में उठ रही ऊंची लहरों और तेज हवाओं के चलते एक लाख के करीब लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। दो दिन पहले ही प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय बैठक भी हुई है। ध्यान देने की बात है कि देश में अभी मौसम की विचित्र स्थिति बनी हुई है। पश्चिमी भारत में समुद्री चक्रवात का असर है, तो मध्य व उत्तर भारत में लू का कहर और पूर्वोत्तर भारत में भारी बारिश की चेतावनी है। इन दिनों सबसे ज्यादा चिंता बिपरजॉय को लेकर है। इसे छह दशकों में आया तीसरा बड़ा चक्रवात बताया जा रहा है। कम से कम नुकसान के लिए लोग दुआ, प्रार्थना का भी सहारा ले रहे हैं। अगर यह कमजोर नहीं पड़ा, तो भारत ही नहीं, बल्कि पाकिस्तान में भी तबाही का कारण बन सकता है। यह अच्छी बात है कि सरकारों और स्थानीय प्रशासन ने चक्रवात से निपटने के लिए समय रहते इंतजाम कर लिए हैं, अत- जान-माल की कम से कम क्षति होगी। यह हमारी मौसम संबंधी वैज्ञानिक तरक्की का ही नतीजा है कि चक्रवात से काफी पहले ही लोगों को सतर्क कर दिया गया है। पहले ऐसी त्रासदी भुगत चुके लोगों ने भी सरकारों के दिशा-निर्देशों की उचित ही पालना की है। अभी विस्थापित हुए लोगों को किसी भी तरह की तकलीफ से बचाना सरकारों की जिम्मेदारी है। एक उम्मीद यह भी है कि यह चक्रवात तट से टकराने से पहले ही कमजोर पड़ सकता है, पर इसने तट से टकराने से पहले ही नुकसान पहुंचाना शुरू कर दिया है। बड़ी तादाद में लोगों की आजीविका प्रभावित हुई है। यह जितनी जल्दी बीत जाए, उतना अच्छा है। एक आशंका है कि इसका थोड़ा असर मध्य भारत या उत्तर भारत तक भी पहुंच सकता है। कुल मिलाकर, भारत में आगामी कुछ दिनों में मौसम का मिजाज बिगड़ा हुआ ही रहने वाला है। केरल में सप्ताह भर की देरी से मानसून पहुंचा है। यह झारखंड और बिहार में प्रवेश कर चुका है, लेकिन उत्तर प्रदेश को अभी मानसून का इंतजार करना होगा। दिल्ली तक यह जून के आखिरी सप्ताह में ही पहुंचेगा। बीच-बीच में बारिश की वजह से इस बार तुलनात्मक रूप से कुछ राहत है। आगामी दिनों में भी लू के इलाकों में अचानक बारिश का माहौल बन जाए, तो आश्चर्य की बात नहीं है। वैज्ञानिक इन तमाम मौसमी हालात को जलवायु परिवर्तन से जोड़कर भी देख रहे हैं। मौसम बार-बार यह इशारा कर रहा है कि हमें प्रकृति के प्रति जल्द से जल्द ज्यादा सजग होने की जरूरत है। हमें ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने और जलस्रोतों को बचाने के लिए काम करना चाहिए। तमाम तरह के प्रदूषण को कम करने के लिए भी युद्ध स्तर पर प्रयास होने चाहिए, तभी हम मौसम की लगातार बढ़ती मार झेलने की बेहतर स्थिति पैदा कर सकेंगे।

## आज का राशिफल

**मेष** – जीवन साथी का सहयोग व सानिध्य मिलेगा। रोजी के अवसर बढ़ेंगे। आर्थिक संकट का सामना करना पड़ेगा। किसी मूल्यवान वस्तु के चोरी या खोने की आशंका है। व्यावसायिक मामलों में लाभ मिलेगा।

**वृषभ** – आर्थिक मामलों में सुधार होगा। यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद व लाभप्रद होगी। मांगलिक उत्सव में भाग लेंगे। राजनैतिक महत्वाकांक्षा की पूर्ति होगी। संतान के दायित्व की पूर्ति होगी।

**मिथुन** – पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। किसी कार्य के सम्पन्न होने से आपके प्रभाव तथा वर्चस्व में वृद्धि होगी। संतान या शिक्षा के कारण चिंतित हो सकते हैं। रचनात्मक प्रयास फलीभूत होंगे।

**कर्क** – आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। शिक्षा प्रतियोगिता के क्षेत्र में आशातीत सफलता मिलेगी। धन, पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। दूसरों से सहयोग लेने में सफल होंगे। विभागीय समस्या आ सकती है।

**सिंह** – पारिवारिक जनों के साथ सुखद समय गुजरेगा। संतान के दायित्व की पूर्ति होगी। प्रेम प्रसंग प्रगाढ़ होंगे। रुपए पैसे के लेन-देन में सावधानी रखें। किसी रिश्तेदार के कारण तनाव हो सकता है।

**कन्या** – जीवन साथी का सहयोग व सानिध्य मिलेगा। आय के नए स्त्रोत बनेंगे। उदर विकार या त्वचा के रोग से पीड़ित रहेंगे। मांगलिक उत्सव में हिस्सेदारी होगी। वाहन प्रयोग में सावधानी रखें।

**तुला** – प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता मिलेगी। किया गया श्रम सार्थक होगा। संबंधित अधिकारी के कृपा पात्र होंगे। संतान के संबंध में सुखद समाचार मिलेगा। प्रणय संबंध प्रगाढ़ होंगे।

**वृश्चिक** – दाम्पत्य जीवन सुखमय होगा। उपहार व सम्मान का लाभ मिलेगा। आय और व्यय में संतुलन बनाकर रखें। राजनैतिक महात्वाकांक्षा की पूर्ति होगी। ससुराल पक्ष से लाभ होगा। व्यर्थ की भागदौड़ रहेगी।

**धनु** – संतान के दायित्व की पूर्ति होगी। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। धन, पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। नेत्र विकार की संभावना है। मन अशान्त रहेगा। जीविका के क्षेत्र में प्रगति होगी। स्वास्थ्य एवं प्रतिष्ठा के प्रति सचेत रहें।

**मकर** – पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। उपहार व सम्मान का लाभ मिलेगा। संबंधित अधिकारी से तनाव मिलेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। ससुराल पक्ष से लाभ होगा। कोई पारिवारिक व व्यावसायिक समस्या आ सकती है।

**कुम्भ** – जीवन साथी का सहयोग व सानिध्य मिलेगा। किसी अज्ञात भय से ग्रसित रहेंगे। क्रोध व भावुकता में लिया गया निर्णय कष्टकारी होगा। उपहार व सम्मान का लाभ मिलेगा। प्रेम प्रसंग प्रगाढ़ होंगे।

**मीन** – पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। धन, पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। सुखद परिवर्तन की दिशा में व्यक्ति विशेष का सहयोग मिलेगा। पिता या उच्चाधिकारी का सहयोग मिलेगा। रक्तचाप में वृद्धि होगी।

# चिप के जरिये दिमाग नियंत्रण की कोशिश

**शशांक द्विवेदी**



**माइक्रोन-स्केल थ्रेड्स को ब्रेन के उन क्षेत्रों में डाला जाएगा जो मूवमेंट को कंट्रोल करते हैं। हर एक थ्रेड में कई इलेक्ट्रोड होते हैं, जिसे वह लिंक इम्प्लांट से जोड़ता है। लिंक पर थ्रेड इतने महीन और लचीले होते हैं कि उन्हें मानव हाथ से नहीं डाला जा सकता। इसके लिए कंपनी ने एक रोबोटिक सिस्टम डिजाइन किया है। यह थ्रेड को मजबूती से और कुशलता से इम्प्लांट कर सकेगा। इसके साथ ही न्यूरालिंक एप भी डिजाइन किया गया है। कहा जा रहा है कि इस चिप को लगाते ही हमारे ब्रेन की हर गतिविधि, हर जानकारी, हर इच्छा और हर मर्जी को कंप्यूटर समझेगा।**

पिछले दिनों उद्योगपति एलन मस्क की कंपनी न्यूरालिंक को ब्रेन-चिप के क्लिनिकल ट्रायल के लिए अमेरिकी फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एफडीए) से मंजूरी मिल गई है। ये कंपनी इंसानों के दिमाग में कंप्यूटर चिप लगाएगी जिसकी मदद से ह्यूमन ब्रेन को कंट्रोल किया जा सकेगा और ये सीधे कंप्यूटर के साथ कनेक्टेड होगा। अगर यह ट्रायल कामयाब रहा तो चिप के जरिये ब्लाइंड इंसान भी देख सकेंगे। पैरालिसिस से पीड़ित मरीज सोचकर मोबाइल और कंप्यूटर ऑपरेट कर सकेंगे। एलन मस्क की कंपनी ब्रेन-कंप्यूटर इंटरफेस पर काम कर रही है। ये सिस्टम ब्रेन में रखे गए छोटे इलेक्ट्रोड का इस्तेमाल पास के न्यूरॉन्स से संकेतों को 'पढ़ने' के लिए करते हैं। इसके बाद सॉफ्टवेयर इन सिगनल्स को कमांड या एक्शन में डिकोड करता है, जैसे कि कर्सर या रोबोटिक आर्म को हिलाना। न्यूरालिंक चिप एक छोटी-सी एआई इनेबल्ड चिप होगी जो ह्यूमन माइंड को रीड करेगी। ये न्यूरालिंक चिप कंप्यूटर से कनेक्टेड होगी और इंसान बिना बोले भी कंप्यूटर और मोबाइल पर काम कर पाएगा। यानी चिप आपका माइंड रीड करेगी और बिना बोले सारे एक्शन होते रहेंगे। न्यूरालिंक ने सिक्के के आकार का एक डिवाइस बनाया है। इसे लिंक नाम दिया गया है। ये डिवाइस कंप्यूटर, मोबाइल फोन या किसी अन्य उपकरण को ब्रेन एक्टिविटी (न्यूरल इम्पल्स) से सीधे कंट्रोल करने में सक्षम करता है। उदाहरण के लिए पैरालिसिस से पीड़ित व्यक्ति के मस्तिष्क में चिप लगाने के बाद वह सिर्फ सोचकर माउस का कर्सर मूव कर सकेंगे। न्यूरालिंक पूरी तरह से इम्प्लांटेबल, कॉस्मैटिक रूप से अदृश्य ब्रेन-कंप्यूटर इंटरफेस डिजाइन कर रही है, ताकि आप कहीं भी जाने पर कंप्यूटर या मोबाइल डिवाइस को कंट्रोल कर सकें। माइक्रोन-स्केल थ्रेड्स को ब्रेन के उन क्षेत्रों में डाला जाएगा जो मूवमेंट को कंट्रोल करते हैं। हर एक थ्रेड में कई इलेक्ट्रोड होते हैं, जिसे वह लिंक इम्प्लांट से जोड़ता है। लिंक पर थ्रेड इतने महीन और लचीले होते हैं कि उन्हें मानव हाथ से नहीं डाला जा सकता। इसके लिए कंपनी ने एक रोबोटिक सिस्टम डिजाइन किया है। यह थ्रेड को मजबूती से और कुशलता से इम्प्लांट कर सकेगा। इसके साथ ही न्यूरालिंक एप भी डिजाइन किया गया है। कहा जा रहा है कि इस चिप को लगाते ही हमारे ब्रेन की हर गतिविधि, हर जानकारी, हर इच्छा और हर मर्जी को कंप्यूटर समझेगा। हम जो चाहेंगे वो वैसा करेगा यानी वो हमारे नियंत्रण में होगा और हमारी हर मर्जी का पालन करेगा। मान लीजिए, आप किसी डॉक्टर को कॉल करना चाहते हैं तो चिप से जुड़ा स्मार्टफोन तुरंत आपने दिमाग की बात समझ कर डॉक्टर को फोन घुमा देगा। चिप इम्प्लांट करने में हमेशा जनरल एनिस्थीसिया से जुड़ा रिस्क होता है। ऐसे में प्रोसेस टाइम को कम करके रिस्क कम किया जा सकता है। न्यूरालिंक चिप के अलावा एक रोबोट भी बना रही है, जो चिप को ऑटोमैटिक तरीके से कान के पिछले हिस्से की ओर से दिमाग में लगाएगा। रोबोट चिप से निकलने वाले महीन तारों को दिमाग में उसी तरह सिल देगा, जैसे कोई सिलाई मशीन कपड़ा सिलती है। न्यूरालिंक का यह रोबोट न्यूरोसर्जरी के मामले में बहुत मददगार हो सकता है। दरअसल सर्जरी के दौरान दिमाग मरीज के सांस लेने के पैटर्न और दिल की धड़कन के हिसाब से मूव करता है। लेकिन रोबोट अपनी सूई को उस मूवमेंट के हिसाब से एडजस्ट कर लेता है। एक सवाल यह है कि किसी भी बीमारी के इलाज या दिमाग की ताकत बढ़ाने के लिए यह चिप अगर लगाया गया तो 10-20 साल या इससे ज्यादा के लिए लगाया जाएगा। लेकिन इतने लंबे समय में चिप और दिमाग का तालमेल बना रहेगा या नहीं, इस बारे में कोई रिसर्च नहीं की गई है। यहां तक कि जानवरों पर भी ऐसा प्रयोग नहीं हुआ है।न्यूरालिंक ने 2020 में ब्रेन चिप इम्प्लांट वाले एक सुअर जेरट्रयूड को दुनिया के सामने पेश किया। दो महीने पहले उसके दिमाग में सिक्के के आकार वाला करीब 23 मिलीमीटर का चिप लगाया गया था और उसे वायरलेस तरीके से एक कंप्यूटर से कनेक्ट किया गया था। सुअर जब ट्रेडमिल पर अपना पैर बढ़ाता या चारे की ओर मुंह करता तो उसके मूवमेंट के बारे में उसकी दिमागी हरकतों की जानकारी सिग्नल के जरिये मिल रही थी। सुअर वाले चिप में 1024 इलेक्ट्रोड लगे थे, लेकिन इंसानों के लिए न्यूरालिंक जो चिप बना रही है, उसमें 3000 से ज्यादा इलेक्ट्रोड होंगे। ये बाल की मोटाई के बीसवें हिस्से जितने पतले तारों से जुड़े होंगे। प्रेजेंटेशन के दौरान कंपनी ने एक बंदर को अपने न्यूरालिंक इम्प्लांट के माध्यम से कुछ बेसिक वीडियो गेम 'खेलते' या स्क्रीन पर कर्सर ले जाते हुए दिखाया। मस्क ने कहा कि कंपनी ऐसी क्षमताओं को खो चुके इंसानों में दोबारा गतिशीलता लाने के लिए प्रत्यारोपण का इस्तेमाल करने की कोशिश करेगी। भविष्य में, ब्रेन चिप का इस्तेमाल पढ़ाई, गेमिंग और मेडिकल डिवाइस के तौर पर किया जा सकेगा। ये उन तमाम लोगों के लिए तो बहुत उपयोगी हो सकती है जो चल-फिर भी नहीं सकते, उन्हें बोलने में दिक्कत होती है।

मगर ये तय है कि अगर कोई चिप आपके दिमाग की बातों को पढ़ने लगेगा तो ये भी सही है कि आपकी सारी जानकारी, सारी सोच और सारी गतिविधियां भी कंप्यूटर में रिकार्ड होंगी। यानी साफ है कि आप एक अदृश्य तौर पर हमेशा के लिए डिजिटल कैदी बन जाएंगे। ब्रेन इम्प्लांट से जुड़ा हुआ सबसे बड़ा खतरा साइबर हैकिंग का है।

लेखक मेवाड़ यूनिवर्सिटी में डायरेक्टर हैं।

# रक्षा क्षेत्र में बढ़ता उत्पादन भारत को बनाएगा 5 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था

**( लेखक- प्रहलाद सबनानी)**

भारत कुछ समय पूर्व तक रक्षा के क्षेत्र में पूर्णतः आयातित उत्पादों पर ही निर्भर रहता था। छोटे से छोटा उत्पाद भी विकसित देशों से आयात किया जाता रहा है। परंतु, हाल ही के समय में भारत ने सुरक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करने की ओर अपने कदम बढ़ा दिये हैं। हाल ही में रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी एक जानकारी के अनुसार, भारत में वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान रक्षा क्षेत्र से जुड़े उत्पादों का उत्पादन 1.07 लाख करोड़ रुपये के मूल्य का रहा है। भारत के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है कि देश में रक्षा क्षेत्र से जुड़े उत्पादों के उत्पादन का मूल्य एक लाख करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर गया है। यह राशि 1200 करोड़ अमेरिकी डॉलर के बराबर है। जबकि वित्तीय वर्ष 2021-22 में रक्षा क्षेत्र से जुड़े उत्पादों का उत्पादन 95,000 करोड़ रुपये का रहा था। इस प्रकार, भारत रक्षा क्षेत्र में घरेलू उत्पादन बढ़ाकर आत्मनिर्भरता की ओर मजबूती से आगे बढ़ रहा है।

अभी हाल ही में रक्षा विभाग ने 928 उत्पादों की एक सूची जारी की है, इस सूची में दिए गए समस्त उत्पादों का निर्माण अब पूर्णतः भारत में ही किया जाएगा एवं आगामी वर्षों में इन उत्पादों का आयात पूर्णतः बंद कर दिया जाएगा। वर्तमान में इन उत्पादों पर 715 करोड़ रुपए की राशि खर्च की जा रही है। उक्त सूची में वर्णित उत्पादों को भारत में ही निर्माण की मंजूरी भी दे दी गई है। इस प्रकार की तीन सूचियां पूर्व में भी रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की जा चुकी है। केंद्र सरकार के इस क्रांतिकारी निर्णय से रक्षा क्षेत्र से जुड़े उत्पादों का निर्माण अब भारत में ही होने लगा है एवं पूर्व में इन उत्पादों के आयात पर भारी भरकम विदेशी मुद्रा खर्च की जाती थी, अब उस विदेशी मुद्रा की भी देश को बचत हो रही है।

केंद्र सरकार ने रक्षा क्षेत्र के उत्पादों का आयात लगातार कम करते हुए अब कई रक्षा उत्पादों का निर्यात प्रारम्भ कर दिया है। अभी हाल ही में भारत का स्वदेशी निर्मित तेजस हल्का लड़ाकू विमान मलेशिया की पहली पसंद बनाकर उभरा है। मलेशिया ने अपने पुराने लड़ाकू विमानों के बेड़े को बदलने के लिए प्रतिस्पर्धा की थी। जिसमें चीन के जेएफ-17, दक्षिण कोरिया के एफए-50 और रूस के मिग-35 के साथ साथ याक-130 से कड़ी प्रतिस्पर्धा के बावजूद मलेशिया ने भारतीय विमान तेजस को पसंद किया है। आकाश मिसाइल भी भारत की पहचान है एवं यह एक स्वदेशी (96 प्रतिशत) मिसाइल है। दक्षिणपूर्व एशियाई देश वियतनाम, इंडोनेशिया, और फिलिपींस के अलावा बहरीन, केन्या, सउदी अरब, मिस्र, अल्जीरिया और संयुक्त अरब अमीरात ने आकाश मिसाइल को खरीदने में अपनी रुचि दिखाई है। आकाश मिसाइल के साथ ही कई अन्य देशों ने तटीय निगरानी प्रणाली, राडार और एयर प्लेटफार्मों को खरीदने में भी अपनी रुचि दिखाई है।



भारत जल्द ही दुनिया के कई देशों यथा फिलीपींस, वियतनाम एवं इंडोनेशिया आदि को ब्रह्मोस मिसाइल भी निर्यात करने की तैयारी कर रहा है। कुछ अन्य देशों जैसे सउदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात एवं दक्षिण अफ्रीका आदि ने भी भारत से ब्रह्मोस मिसाइल खरीदने में अपनी रुचि दिखाई है। आज भारत से 84 से अधिक देशों को रक्षा उपकरणों का निर्यात किया जा रहा है। इस सूची में कतर, लेबनान, इराक, इक्वाडोर और जापान जैसे देश भी शामिल हैं जिन्हें भारत द्वारा बॉडी प्रोटेक्टिंग उपकरण, आदि निर्यात किए जा रहे हैं।

वित्तीय वर्ष 2023-24 का बजट रक्षा क्षेत्र के लिए भी एक बड़ी सौगात लेकर आया है। केंद्रीय बजट में वर्ष 2023-24 के लिए रक्षा क्षेत्र को कुल 5.94 लाख करोड़ रुपये की राशि आवंटित की गई है, जो कुल बजट की राशि का 8 प्रतिशत है। बजट में आवंटित की गई इस राशि का उपयोग हथियारों की आत्मनिर्भर तकनीक और भारत में ही इन उत्पादों के निर्माण के कार्य पर किया जाएगा। इससे देश में ही रोजगार के लाखों नए अवसर निर्मित होंगे।

चूंकि भारत सरकार द्वारा रक्षा क्षेत्र से जुड़े उत्पादों को भारत में ही निर्मित करने हेतु प्रोत्साहन दिया जा रहा है तथा रक्षा उत्पादों का भारत में ही निर्माण एवं भारत से निर्यात जिस तेज गति से आगे बढ़ रहा है इससे अब यह आभास होने लगा है कि वर्ष 2027 तक भारतीय अर्थव्यवस्था को 5 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर तक पहुंचाने में, आगे आने वाले समय में, देश का रक्षा क्षेत्र भी प्रमुख भूमिका निभाने जा रहा है। वर्तमान में भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार 3.50 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का है। वर्ष 2031 तक भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार 7.5 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर तक पहुंच जाने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है और इस प्रकार भारतीय अर्थव्यवस्था अमेरिका एवं चीन के बाद विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगी।

# सीबीआई और ईडी के खिलाफ विपक्ष एकजुट?

**(लेखक-सनत जैन )**

तमिलनाडु सरकार ने बुधवार को सीबीआई के तमिलनाडु प्रवेश पर रोक लगा दी है। तमिलनाडु 10 वां राज्य है। जिसने सीबीआई के प्रवेश पर रोक लगाई है। इसके पहले पश्चिम बंगाल, आंध्रप्रदेश, राजस्थान, केरल, मिजोरम, पंजाब,तेलंगाना, छत्तीसगढ़, राज्य ने सीबीआई को दी गई सहमति वापस लेकर, सीबीआई के प्रवेश पर रोक लगा दी थी। विपक्षी दलों पर पिछले कुछ वर्षों से जिस तरह से सीबीआई और ईडी द्वारा आरोपों के आधार पर अपराधिक मामले दर्ज किए जा रहे हैं। उन्हें पर्याप्त सबूतों के अभाव में गिरफ्तार किया जा रहा है। उसके खिलाफ सभी विपक्षी दल एकजुट होने लगे हैं। राज्य सरकारों द्वारा सीबीआई को दी गई सहमति वापस लेकर, सीबीआई के प्रवेश पर रोक लगा रहे हैं। राज्यों की इस कार्यवाही को देखते हुए केंद्र सरकार ने,ईडी को ज्यादा पावरफुल बना दिया है। केंद्र सरकार के इशारे पर आरोपों पर जांच करने का काम ईडी करने लगी है। पहले भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच सीबीआई करती थी। हवाला कारोबार, धन शोधन के मामलों की जांच के लिए ईडी की स्थापना हुई थी। ईड़ी के कार्यक्षेत्र में यदि कोई राशि अवैध रूप से यहां से वहां भेजी गई है।उसकी जांच करने की जिम्मेदारी ईडी की है। धन शोधन के मामले में उसे बेइंतहा अधिकार दिए गए हैं।पिछले कुछ वर्षों में ईडी आरोपों के आधार पर जांच शुरु कर देती है। उसके बाद सबूत एकत्रित करने का काम करती है।कई मामलों में यह साबित हो चुका है,कि ईडी के पास कोई जानकारी नहीं थी। ईडी ने नोटिस जारी करके बयानों के आधार पर अथवा गिरफ्तारी करने के बाद ईडी सबूत बनाने अथवा सबूत जुटाने का प्रयास करती है।कई महीनों तक राजनेताओं को जेलों में बंद रखा जाता है।अदालत के हस्तक्षेप के बाद शिवसेना के सांसद संजय राऊत को तो जमानत मिल गई। लेकिन कई विपक्षी दलों के नेता अभी भी कई महीनों से भारतीय जेलों में बंद हैं।कई महीनों तक ईडी सबूत नहीं जुटा पाती है। न्यायालय में चार्जशीट लंबे समय तक पेश नहीं कर पाती है। विपक्षी दलों के नेताओं की जमानत भी नहीं होने देती है। इसको लेकर अब सभी विपक्षी दल एकजुट होने की स्थिति में पहुंच गए हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए, विपक्षी एकता की जो तैयारी हो रही थी।उसमें ईडी और सीबीआई की कार्रवाई ने विपक्षी एकता को मजबूत बनाने की दिशा में,आग में घी डालने का काम किया है। तमिलनाडु सरकार के मंत्री को जिस तरह गिरफ्तार किया गया। उसने महिला पहलवानों की गिरफ्तारी की याद को ताजा कर दिया। तमिलनाडु के मंत्रालय में दूसरी बार छापा डाला गया।ऐसा ही छापा दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल के कार्यालय में भी डाला गया था। ईडी और सीबीआई की आतंकी कार्रवाई से गैर भाजपाई दल एकजुट हो रहे हैं। चंबल में, पकड़ करके, डाकू फिरौती लेने ओर अपनी बात मनवाने के लिए करते थे। वही कार्यवाही अब ईडी और सीबीआई के माध्यम से विपक्षी दलों के नेताओं की पकड़ करके, जेल भेजने की जो कार्रवाई हो रही है। अब इसके विरोध में सारे विपक्षी दलएकजुट होकर विरोध में खड़े हो गए हैं। विपक्षी दलों में छापों की बड़ी तीव्र प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। माना जा रहा है, बिहार सरकार भी सीबीआई को दी गई अनुमति वापिस ले सकती है। यदि ऐसा हुआ तो बिहार 11वां राज्य होगा। अति सर्वत्र वर्जिते की तर्ज पर विपक्षी दलों ने यह मान लिया है, कि केंद्र सरकार की इस कार्रवाई से बच पाना किसी के लिए संभव नहीं है।

इसलिए पहली बार विपक्षी दल इकट्ठा होकर लोकतांत्रिक, संघीय व्यवस्था को बनाए रखने के लिए एकजुट हो गये हैं।जिसके कारण राजनीतिक हलचलें बढ़ गई हैं। विपक्षी दल अब इस मामले में न्यायिक व्यवस्था के साथ-साथ राजनीतिक स्तर पर भी मुकाबला करने की तैयारी में जुट गए हैं।




## पेटीएम के शेयर ने 6 दिनों में लगाई 20 फीसदी छलांग

**नई दिल्ली।** पेटीएम की पैरेंट कंपनी वन97 कम्मुयनिकेशन का शेयर एक साल के उच्चतम स्तर 864.40 रुपए के स्तर पर पहुंच गया। एनएसई पर बाद में यह शेयर 2 फीसदी की तेजी के साथ 850 रुपए के भाव पर बंद हुआ। मासिक आधार पर पेटीएम शेयर दिसंबर 2022 से लगातार ग्रीन जोन में बना हुआ है। पिछले 6 कारोबारी दिनों में कंपनी के शेयरों में 20 फीसदी की दमदार रैली देखी गई है। पेटीएम का मार्च 2023 तिमाही का वित्तीय प्रदर्शन उम्मीद से बेहतर रहा है। यही कारण है कि लांग टर्म के लिए पेटीएम को लेकर ब्रोकरेज का रुख सकारात्मक है। पेटीएम शेयर 8 अगस्त 2022 को छूए गए 844.40 रुपए के अपने पिछले उच्च स्तर को पार कर गया। इस फिनटेक शेयर का सार्वजनिक उच्च स्तर 1961 रुपए है। इस स्तर को इस शेयर ने 18 नवंबर 2021 को छुआ था। वहीं इसका रिकॉर्ड लो 439.60 रुपए है। अपने रिकॉर्ड लो के मुकाबले यह शेयर अब 94 फीसदी चढ़ चुका है। हालिया तेजी के बाद कंपनी का मार्केट कैप भी बढ़कर 54,314.30 करोड़ रुपए हो गया है। पिछले 6 महीने में पेटीएम के शेयरों में 61 फीसदी दमदार तेजी आई है। एक रिपोर्ट के अनुसार ब्रोकरेज फर्म बोफा सिक्योरिटीज ने पेमेंट इंडस्ट्री में कंपनी की मजबूत स्थिति को देखते हुए इस स्टॉक की रेटिंग अपग्रेड करते हुए बाय कर दी है। इसके साथ ही ब्रोकरेज ने टारगेट प्राइस को भी बढ़ाकर 885 रुपए प्रति शेयर कर दिया है।

## यूएस फेड ने ब्याज दरें स्थिर रखीं, लगातार 10 बार बढ़ोतरी के बाद लगी रोक

**वाशिंगटन ।** अमेरिका की मॉनेटरी पॉलिसी कमिटी (यूएस फेडरल रिजर्व) ने ब्याज दरों को स्थिर रखा है। इससे पहले लगातार 10 बार ब्याज की दरों में बढ़ोतरी की गई थी। बता दें कि अमेरिका में महंगाई को काबू करने के लिए बैंक ने ब्याज दरों में बढ़ोतरी का फैसला लिया था। इससे भारत के बाजार पर भी प्रभाव पड़ा था। गुरूवार को फेडरल बैंक के रुख को देखते हुए शेयर बाजार में तेजी देखी गई। इसके अलावा भारतीय रुपया डॉलर के मुकाबले 15 पैसे की बढ़त के साथ बंद हुआ। इससे पहले अमेरिका की मॉनेटरी पॉलिसी कमिटी (यूएस फेडरल रिजर्व) ने महंगाई को दो फीसदी पर ले जाने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रमुख ब्याज दरों को और 25 बेसिस प्वाइंट बढ़ा दिया है। यूएस फेड ने यह फैसला 2-3 मई को हुई बैठक के बाद लिया है। ब्याज दरों को 25 बेसिस प्वाइंट बढ़ाकर 5 प्रतिशत से 5.25 प्रतिशत कर दिया गया है। समिति ने कहा कि वह मुद्रास्फीति के जोखिम को लेकर अत्यधिक सतर्क है। ताजा बढ़ोतरी मार्च की बैठक में पिछली दर वृद्धि के समान ही थी और इसने लगातार दसवीं दर वृद्धि को चिह्नित किया। इससे पहले मार्च में भी ब्याज दरों में समान इजाफा किया गया है। फेड की ओर से लगातार दसवीं बार ब्याज दरों में वृद्धि की गई है।

## देश में स्वास्थ्य पयर्टन से पिछले दशक में 740 करोड़ डॉलर आय हुई

**कोलकाता ।** भारत ने पिछले एक दशक में स्वास्थ्य पर्यटन से 740 करोड़ डॉलर की आय अर्जित की है और अगले 10 साल में यह आंकड़ा बढ़कर 4,350 करोड़ डॉलर पर पहुंचने की उम्मीद है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा आयोजित बिम्सटेक हेल्थ फोरम में कहा कि पिछले पांच साल में भारत के स्वास्थ्य क्षेत्र में कई निजी निवेश हुए हैं। प्रतिनिधियों ने बैठक में समग्र स्वास्थ्य के तहत मानसिक स्वास्थ्य को शामिल करना, स्वास्थ्य सुविधाओं का दायरा बढ़ाना, टेलीमेडिसिन, सूचना साझा करना, मानव पूंजी के आदान-प्रदान पर भी चर्चा की।एक अधिकारी ने कहा कि चूंकि बिम्सटेक देश जलवायु परिवर्तन के प्रति संवेदनशील हैं, इसलिए वाणिज्यिक और सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा क्षेत्रों के साथ-साथ सरकार को पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए अच्छे बदलाव लाने की जरूरत है।

# भारत की ई-अर्थव्यवस्था 2030 तक 1 ट्रिलियन होने की उम्मीद: रिपोर्ट

**नई दिल्ली । (एजेंसी)**

गूगल, टेमासेक और बैन एंड कंपनी की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत की इंटरनेट अर्थव्यवस्था 2030 तक छह गुना बढ़कर एक ट्रिलियन डॉलर हो जाने की उम्मीद है। इसी दौरान अगले सात वर्षों में परिवारों की आय दोगुनी हो सकती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2030 में भारत के सकल घरेलू उत्पाद में इंटरनेट अर्थव्यवस्था की हिस्सेदारी 4-5 फीसदी से बढ़कर लगभग 12-13 फीसदी हो जाएगी, जिसमें 350 मिलियन डिजिटल भुगतान उपयोगकर्ता और 220 मिलियन ऑनलाइन खरीदार शामिल हैं.रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत की इंटरनेट अर्थव्यवस्था 2022 में लगभग 175 बिलियन डॉलर की खपत से एक ट्रिलियन की ओर बढ़ रही है, जो उपभोक्ता व्यवहार और व्यापार पारिस्थितिकी तंत्र के विकास में निरंतर बदलाव के कारण है। यह ग्रोथ ऐसे उपभोक्ताओं पर केंद्रित होगी जो अपनी घरेलू आय को 2030 तक दोगुना कर लेंगे। उपभोक्ताओं और निवेशकों के सर्वेक्षण के साथ-साथ बैन एंड कंपनी के विश्लेषण के आधार पर रिपोर्ट में कहा गया है कि टियर 2 प्लस शहरों में डिजिटल सेवाओं और उत्पादों की भूख मेट्रो और टियर माइनस 1 शहरों में



मांग के बराबर हो सकती है। रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया है कि बिजनेस-टू-कंज्यूमर (बी2सी) ई-कॉमर्स डिजिटल सेवाओं की अग्रणी हिस्सेदारी को बनाए रखना जारी रखेगा, जो 2030 तक पांच-छह गुना बढ़कर लगभग 350-380 बिलियन डॉलर हो जाएगा।

## खाने के तेल में आयात शुल्क कम हुआ

**नई दिल्ली ।** केंद्र सरकार ने रिफाइन्ड सोया ऑयल और रिफाइन्ड सनफ्लावर आयल पर लगने वाला आयात शुल्क घटा दिया है। दोनों पर आयात शुल्क 17.5 फीसदी से घटाकर 12.5 फीसदी कर दिया गया है। घटी हुई दरें लागू हो गई हैं। भारत में खपत होने वाले खाने के तेल का 60 फीसदी आयात किया जाता है। देश में सालाना करीब 24 एमटी खाद्य तेल की खपत होती है। इसमें से करीब 14 एमटी खाद्य तेल आयात किया जाता है। आयात शुल्क घटाने के बाद से अब कच्चा खाद्य तेल यानी कच्चा पाम तेल, कच्चा सनफ्लावर तेल और कच्चा सोया तेल के आयात पर 5 फीसदी ही आयात शुल्क लगेगा और फिर इन पर कुल प्रभावी टैक्स 5.5 फीसदी हो जाएगा। रिफाइन्ड खाद्य तेल पर प्रभावी आयात शुल्क 13.75 फीसदी रहेगा। वहीं रिफाइन्ड ऑयल पर 12.5 फीसदी आयातम शुल्क और इस पर 10 फीसदी सेस लगेगा। अप्रैल में महीने-दर-महीने आधार पर वेजीटेबल ऑयल (खाद्य और गैर-खाद्य तेल) के आयात में 10 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। जबकि इस दौरान पाम ऑयल आयात 31 फीसदी घटकर 5,05,000 टन रहा। हालांकि सोयाबीन ऑयल का आयात एक फीसदी बढ़ा है। सोयाबीन ऑयल के आयात में 68 फीसदी की भारी बढ़ोतरी देखने को मिली।

## टाटा स्टील ने जर्मनी के एसएमएस समूह से किया समझौता

**नई दिल्ली ।** टाटा स्टील ने कम कॉर्बन उत्सर्जन की इस्पात विनिर्माण प्रक्रिया के विकास के लिए जर्मनी के एसएमएस समूह के साथ भागीदारी की है। टाटा स्टील ने कहा कि इस समझौता ज्ञापन (एमओयू) के तहत दोनों कंपनियां आगे तकनीकी चर्चा करेंगी और एसएमएस समूह द्वारा विकसित ईजीमेल्ट (इलेक्ट्रिक-एसिस्टेड सिनगैस स्मेल्टर) प्रौद्योगिकी का संयुक्त रूप से औद्योगिक प्रदर्शन करेंगी। बयान में कहा गया है कि यह प्रदर्शन टाटा स्टील के जमशेदपुर संयंत्र के ईब्लास्ट फर्नेस में किया जाएगा। इसका उद्देश्य कॉर्बन उत्सर्जन में 50 प्रतिशत से अधिक की कमी लाना है। ईजीमेल्ट तकनीक एक लोहा बनाने वाला समाधान है जिसे मौजूदा इस्पात संयंत्रों को कॉर्बन-मुक्त करने के लिए लागू किया जा सकता है। टाटा स्टील के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक टी वी नरेंद्रन ने कहा कि हम सक्रिय रूप से हरित इस्पात उत्पादन की ओर बदलाव के लिए समाधान तलाश रहे हैं, जिससे हरित भविष्य में योगदान दे सकें। इसके अलावा भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा इस्पात उत्पादक है। ऐसे में टाटा स्टील जैसी बड़ी कंपनियों के ऊपर कॉर्बन उत्सर्जन कम करने की देश की यात्रा में योगदान करने की बड़ी जिम्मेदारी है।




# शेयर बाजार गिरावट पर बंद




**मुम्बई ।**

शेयर बाजार गुरुवार को गिरावट पर बंद हुआ। बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आया है। वहीं अमेरिकी फेडरल रिजर्व के आक्रामक रुख कायम रखने के संकेतों से भी बाजार पर विपरीत प्रभाव पड़ा है। निवेशकों की बैंकिंग, सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) और वित्तीय शेयरों में मुनाफावसूली से भी बाजार गिरा है। दिन भर के कारोबार के बाद बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 310.88 अंक करीब 0.49 फीसदी नीचे आकर 62,917.63 पर बंद हुआ। वहीं कारोबार के दौरान एक समय यह 357.43 अंक तक फिसला था। वहीं पचास शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 67.80 अंक तकरीबन 0.36 फीसदी टूटकर 18,688.10 पर बंद हुआ। इसके पहले लगातार तीन कारोबारी सत्रों में बाजार में बढ़त बनी रही थी। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में विप्रो को सबसे अधिक दो फीसदी का नुकसान हुआ। इसके अलावा इंडसइंड बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक, इन्फोसिस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, एचडीएफसी और बजाज फिनसर्व के शेयर भी नीचे आये। । दूसरी ओर नेस्ले, महिंद्रा एंड महिंद्रा, आईटीसी, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, एशियन पेंट्स और मारुति सुजुकी के शेयरों में तेजी रही। एशियाई बाजारों की बात करें तो दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और जापान का निक्की गिरावट के साथ बंद हुए, जबकि चीन के शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग के हैंगसेंग में बढ़त रही। वहीं यूरोपीय बाजारों में मिला-जुला कारोबार हुआ। बुधवार को अमेरिकी बाजारों में मिला-जुला रुख देखने को मिला था। इससे पहले आज सुबह बाजार गिरावट पर खुला।

## सोने और चांदी में गिरावट



नई दिल्ली । राजधानी के सर्राफा बाजार में सोना 430 रुपए फिसलकर 60,250 रुपए प्रति 10 ग्राम रह गया। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 60,680 रुपए प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुआ था।वहीं दिल्ली में चांदी की कीमत भी 620 रुपए नीचे 73,500 रुपए प्रति किलोग्राम रह गई। दिल्ली सर्राफा बाजार में सोने की हाजिर कीमत 430 रुपये के नुकसान के साथ 60,250 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। विदेशी बाजारों में सोना गिरावट के साथ 1,950 डॉलर प्रति औंस रह गया। चांदी भी गिरावट के साथ 23.85 डॉलर प्रति औंस पर आ गई।

# सेबी ने 4 कंपनियों को 4.56 करोड़ का भेजा नोटिस

**नई दिल्ली ।(एजेंसी)**

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने फोर्टिस हेल्थकेयर में पैसे की हेराफेरी और इसे छिपाने के लिए गलतबयानी के मामले में चार कंपनियों को 15 दिन के अंदर 4.56 करोड़ रुपए जमा करने का नोटिस भेजा है। बाजार नियामक सेबी ने फोर्टिस ग्लोबल हेल्थकेयर, आरएचसी फाइनेंस, शिमल हेल्थकेयर और एएनआर सिक्योरिटीज को नोटिस भेजने के साथ ही कहा है कि तय समय के अंदर रुपए जमा नहीं होने पर इन कंपनियों की संपत्तियां जब्त कर ली जाएगी। कंपनियों को यह नोटिस सेबी की ओर से उन पर मई, 2022 में लगाए गए जुर्माने को नहीं चुकाने पर भेजा गया है। सेबी ने नौ जून को भेजे अपने नोटिस में कंपनियों को 15 दिन के अंदर 4.56 करोड़ रुपए जमा करने के लिए कहा है। इसमें हर्जाना राशि के साथ ब्याज भी है। बकाया जमा नहीं करने पर सेबी कंपनियों की चल-अचल संपत्तियों को जब्त कर उनकी नीलामी कर राशि की वसूली करेगी। इसके अलावा कंपनियों के बैंक खातों को भी जब्त कर लिया जाएगा। बाजार नियामक ने राशि की भरपाई के लिए आरोपियों की गिरफ्तारी और हिरासत में लेने का विकल्प भी रखा है। सेबी ने फोर्टिस हेल्थकेयर लिमिटेड (एफएचएल) के कोष की हेराफेरी करने और धोखाधड़ी को छिपाने से संबंधित एक मामले में मई, 2022 में इन चार कंपनियों समेत 32 फर्मों पर 38.75 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया था। चारों कंपनियों पर एक-एक करोड़ रुपए का जुर्माना लगा था। यह जुर्माना एफएचएल के कोष को आरएचसी



होल्डिंग के खाते में भेजने के लिए अनुचित तरीके अपनाने पर लगाया गया था। इस दौरान करीब 397 करोड़ रुपए की राशि की हेराफेरी की गई थी।

## विपरजाय को लेकर वित्तमंत्री ने बैंकों की तैयारियों की समीक्षा की



**नई दिल्ली ।** चक्रवाती तूफान बिपरजॉय के गुरुवार को गुजरात के तटीय इलाकों में दस्तक देने की आशंका के मद्देनजर वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने विभिन्न बैंकों और बीमा कंपनियों के प्रमुखों के साथ एक वर्चुअल समीक्षा बैठक की। वित्त मंत्रालय ने ट्वीट किया कि एन. सीतारमण ने आज वर्चुअल कॉन्फ्रेंस के माध्यम से विभिन्न बैंकों और बीमा कंपनियों के प्रबंध निदेशकों और वरिष्ठ अधिकारियों की एक बैठक की अध्यक्षता की, ताकि चक्रवाती तूफान बिपरजॉय के मद्देनजर उनकी तैयारियों की समीक्षा की जा सके। बैठक में बैंकिंग सचिव विवेक जोशी भी मौजूद थे। वित्त मंत्रालय ने एक अन्य ट्वीट में कहा कि बैंकों और बीमा कंपनियों के एमडी ने चक्रवाती तूफान बिपरजॉय के लिए एहतियाती उपायों पर एक विस्तृत अपडेट प्रदान किया। बैठक के दौरान सीतारमण ने कहा कि सभी आपदा प्रबंधन प्रोटोकॉल का पालन किया जाना चाहिए और कर्मचारियों को उनके बारे में जागरूक किया जाना चाहिए।

# राज्यों को केंद्र से कम दाम पर नहीं मिलेगा गेहूं और चावल

**नई दिल्ली ।(एजेंसी)**

केंद्र सरकार ने ओपन मार्केट सेल स्कीम (ओएमएसएस) के तहत होने वाली गेहूं और चावल की बिक्री को बंद कर दिया है। सरकार के इस फैसले के बाद से राज्यों को कम भाव पर केंद्र से गेहूं और चावल खरीदने को लाभ अब नहीं मिलेगा। इस फैसले का कर्नाटक जैसे राज्य में सबसे अधिक असर पड़ेगा, क्योंकि यहां राज्य सरकार गरीब परिवारों को मुफ्त में अनाज मुहैया कराती है। कर्नाटक ने जुलाई 2023 के लिए ओएमएसएस स्कीम के तहत 3,400 रुपए प्रति क्विंटल के भाव पर करीब 13,819 टन चावल एफसीआई से खरीदा है। कर्नाटक सरकार ने इस खरीदारी के लिए किसी ई-नीलामी में भाग भी नहीं लिया है। फूड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया ने एक आदेश में कहा कि राज्य सरकारों को ओएमएसएस के तहत चावल और गेहूं की बिक्री बंद कर दी गई है। हालांकि, इस स्कीम के तहत पूर्वी राज्यों, पहाड़ी राज्यों पहले की व्यवस्था के तहत चावल और गेहूं उपलब्ध कराया जाएगा। इसके अलावा जिन राज्यों में कानून को लेकर स्थिति ठीक नहीं है या किसी प्राकृतिक आपदा की स्थिति में इस स्कीम के तहत 3,400 रुपए प्रति क्विंटल के भाव पर चावल उपलब्ध कराया जाएगा। खाद्य मंत्रालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि महंगाई के ट्रेंड को नियंत्रित करने के साथ-



साथ ही केंद्रीय पूल में पर्याप्त स्टॉक सुनिश्चित करने के लिए केंद्र ने ये फैसला लिया है। इसके तहत अब राज्य सरकारों को ओएमएसएस स्कीम के दायरे से अलग रखा जाएगा।

## गोदरेज प्रॉपर्टीज कोलकाता में खरीदेगी 7.44 एकड़ भूखंड

**नई दिल्ली ।(एजेंसी)**

गोदरेज प्रॉपर्टीज ने एक लग्जरी आवासीय परियोजना के विकास के लिए कोलकाता में 7.44 एकड़ जमीन के टुकड़े के अधिग्रहण के लिए सबसे ऊंची बोली लगाई है। इस परियोजना से कंपनी को लगभग 1,200 करोड़ रुपढ का बिक्री राजस्व मिलने का अनुमान है। शेयर बाजारों को भेजी सूचना में रियल एस्टेट कंपनी गोदरेज प्रॉपर्टीज लिमिटेड ने कहा कि वह पश्चिम बंगाल आवास अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड से कोलकाता के न्यू अलीपुर में 7.44 एकड़ जमीन का अधिग्रहण करेगी। गोदरेज प्रॉपर्टीज ने कहा कि इस जमीन के टुकड़े के लिए उसने सबसे ऊंची बोली लगाई है। हालांकि, उसे बोली की राशि का खुलासा नहीं किया। गोदरेज प्रॉपर्टीज इस जमीन के टुकड़े पर एक लग्जरी आवासीय परियोजना का विकास करेगी। कंपनी ने कहा कि परियोजना से लगभग 1,200 करोड़ रुपए का बिक्री राजस्व मिलने की उम्मीद है। इस




परियोजना के तहत 98 लाख वर्ग फुट क्षेत्र का विकास किया जा सकता है। पिछले वित्त वर्ष में कंपनी ने 32,000 करोड़ रुपए की बिक्री संभावनाओं वाली आवासीय परियोजनाओं के लिए जमीन के टुकड़े जोड़े थे। वित्त वर्ष 2022-23 में कंपनी की बिक्री बुकिंग सालाना आधार पर 56 प्रतिशत बढ़कर सर्वकालिक उच्चस्तर 12,232 करोड़ रुपए पर पहुंच गई थी।

# एलन मस्क की कंपनी कैरन स्पेसएक्स में सबसे कम उम्र का कर्मचारी



**नई दिल्ली ।(एजेंसी)**

कैरन काजी नाम का एक लड़का जिसकी उम्र 14 वर्ष के लगभग है, वह एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स में बतौर सॉफ्टवेयर इंजीनियर काम कर रहा है। कैरन स्पेसएक्स में वह सबसे कम उम्र का कर्मचारी हैं। हालांकि कैरन काजी को पेशेवरों के लिए नेटवर्किंग साइट लिंक्डइन की ओर से बड़ी निराशा हाथ लगी है। कंपनी ने उनका अकाउंट हटा दिया है। कंपनी का कहना है कि अभी उनकी उम्र इस अकाउंट की न्यूनतम आयु आवश्यकताओं को पूरा नहीं करती है। इस कारण वो तब अप्लाई कर सकते हैं जब वो 16 साल के हो जाए। दूसरी ओर कैरन ने काजी ने कहा कि उनकी उल्लेखनीय उपलब्धियों के बावजूद, उनके लिंक्डइन अकाउंट को हटा दिया गया है क्योंकि कैरन काजी की उम्र प्लेटफॉर्म की न्यूनतम आयु नियमों का पालन नहीं करती है। उन्होंने इसे अतार्किक और बकवास बताते हुए इसे लेकर चिंता व्यक्त की और इस बात पर बहस की कि कैसे वे स्पेसएक्स में काम करने के योग्य हो सकते हैं, फिर भी पेशेवरों के लिए नेटवर्किंग साइट का उपयोग नहीं कर सकते हैं। कैरन काजी सांता क्लारा यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग से ग्रेजुएशन कर रहे हैं। उन्हें मस्क ने हाल ही में अपनी स्टारलिंक इंजीनियरिंग टीम के लिए हायर किया है। हाल ही काजी ने स्पेस एक्स के साथ अपने नए सफर की घोषणा करते हुए लिंक्डइन प्लेटफॉर्म पर अपना जॉब अपडेट शेयर किया था। उन्होंने टेक्निकली चैलेंजिंग फन इंटरव्यू प्रोसेस को क्लीयर कर लिया है।

काजी ने कहा था कि वह स्टारलिंक इंजीनियरिंग टीम में जल्द शामिल होंगे। उन्होंने कहा था कि स्पेसएक्स उन दुर्लभ कंपनियों में से है जिसने एबिलिटी और मेच्योरिटी के लिए उम्र का पुराना और मनमाना बेंचमार्क नहीं माना।

# पेट्रोल और डीजल की कीमत में बदलाव

### ब्रेंट क्रूड का भाव टूटकर 73.19 डॉलर प्रति बैरल

**नई दिल्ली ।(एजेंसी)**




कच्चे तेल की कीमतों में लगातार नरमी का असर पेट्रोल और डीजल की खुदरा कीमतों पर भी दिखने लगा है। वैश्विक बाजार में ब्रेंट क्रूड 70 डॉलर के आसपास पहुंच रहा है। इस बीच सरकारी तेल कंपनियों की ओर से गुरुवार को जारी पेट्रोल-डीजल की खुदरा कीमतों में भी बदलाव दिख रहा है। गुरुवार को एनसीआर के कई शहरों में खुदरा रेट बदल गए हैं। नोएडा में पेट्रोल की कीमत गाजियाबाद से ज्यादा दिख रही है। सरकारी तेल कंपनियों के अनुसार यूपी के गौतम बुद्ध नगर (नोएडा-ग्रेटर नोएडा) जिले में पेट्रोल 18 पैसे महंगा होकर 96.76 रुपए लीटर हो गया है। यहां डीजल भी 18 पैसे चढ़कर 89.93 रुपए लीटर बिक रहा है। गाजियाबाद में पेट्रोल 14 पैसे सस्ता हुआ और 96.44 रुपए लीटर पहुंच गया, जबकि डीजल 13 पैसे गिरकर 89.62 रुपए लीटर बिक रहा है। बिहार की राजधानी पटना में पेट्रोल का भाव 108 रुपए लीटर से नीचे उतर आया है। यहां पेट्रोल 38 पैसे सस्ता होकर 107.74 रुपए लीटर बिक रहा, जबकि डीजल 35 पैसे गिरकर 94.51 रुपए लीटर हो गया है। कच्चे तेल में बड़ी गिरावट दिख रही है। ब्रेंट क्रूड का भाव टूटकर 73.19 डॉलर प्रति बैरल के भाव पहुंच गया है। डब्ल्यूटीआई भी गिरावट के साथ 68.30 डॉलर प्रति बैरल हो गया है। दिल्ली में पेट्रोल 96.65 रुपए और डीजल 89.82 रुपएप्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपए और डीजल 94.24 रुपए प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपए और डीजल 92.76 रुपए प्रति लीटर, नोएडा में पेट्रोल 96.76 रुपए और डीजल 89.93 रुपए प्रति लीटर हो गया है। गाजियाबाद में पेट्रोल 96.44 रुपए और डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर हो गया है। पटना में पेट्रोल 107.74 रुपए और डीजल 94.51 रुपए प्रति लीटर हो गया है।




## विश्वकप में दिल की धड़कनें रोकने वाला होगा भारत-पाकिस्तान मुकाबला : चोपड़ा

**नई दिल्ली ।** टीम इंडिया के पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने कहा है कि एकदिवसीया विश्वकप में 15 अक्टूबर को अहमदाबाद में भारत ओर पाकिस्तान का मैच सबसे अधिक रोमांचक होगा। यहां तक कि इस मैच में लोगों के दिल की धड़कने तक रुक जाएंगी। अहमदाबाद का नरेंद्र मोदी स्टेडियम दुनिया का सबसे बड़ा क्रिकेट स्टेडियम है। इस दौरान स्टेडियम पूरी तरह से भरे होने की उम्मीद है। चोपड़ा ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा कि यह मैच कुछ समय के लिए दिल की धड़कनों को रोकने वाला है क्योंकि एक लाख से अधिक भावुक प्रशंसक अपने पसंदीदा खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते हुए जमकर शोर मचाएंगे।चोपड़ा ने कहा, भारत बनाम पाकिस्तान, विश्व कप 2023, यह 15 अक्टूबर को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में 50 ओवर का मैच होगा। कुछ समय के लिए दिल की धड़कनें रुक जाएंगी। 1.25 लाख लोग शोर मचाएंगे और यह होने वाला है। भारतीय टीम अपने विश्व कप अभियान की शुरुआत एक कठिन मुकाबले के साथ करेगी क्योंकि उसे 8 अक्टूबर को चेन्नई में ऑस्ट्रेलियाई टीम का सामना करना है। इसका कारण है कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 12 विश्व कप मैचों में केवल चार ही भारतीय टीम ने अबतक जीते हैं। आकाश चोपड़ा को डर है कि बारिश से मैच प्रभावित हो सकता है क्योंकि अक्टूबर-नवंबर में चेन्नई में बारिश होती है।

# एशेज सीरीज का पहला टेस्ट आज से

## किसी भी तरह की गेंदबाजी का सामना करने तैयार हूं : स्मिथ

**लंदन ।(एजेंसी)**

ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने कहा है शुक्रवार से इंग्लैंड के खिलाफ शुरु हो रही एशेज सीरीज से पहले कहा है कि वह किसी भी प्रकार की गेंदबाजी का सामना करने के लिए तैयार हैं। सीरीज का पहला टेस्ट बर्मिंघम के एजबेस्टन मैदान में खेला जाएगा। इस मैच में मेजबान टीम की रणनीति को लेकर स्मिथ ने कहा कि उनके गेंदबाज कुछ मजेदार चीजें कर सकते हैं। स्मिथ का इंग्लैंड के खिलाफ अच्छा रिकॉर्ड रहा है, इसलिए उन्हें निशाना बनाने का प्रयास होगा। इसी कारण उन्हें कुछ आक्रामक और आसामान्य गेंदबाजी का सामना भी करना पड़ सकता है।



स्मिथ ने कहा, मुझे लगता है कि हमने पिछले 12 महीनों में देखा है कि वे कुछ अजीब चीजें करेंगे। वह निश्चित समय पर अलग-अलग चीजों की कोशिश करते रहेंगे। वहीं मेरी एक बड़ी ताकत चलते-फिरते हालातों के अनुकूल ढ़लने की रही है, यह समझना कि वे क्या करने की कोशिश कर रहे हैं और बीच में ही समस्या को हल कर रहे हैं। मैं केवल अपने खेल पर ही ध्यान केंद्रित करूंगा और वे मुझ पर काम आने वाली हर चीज का मुकाबला करने का प्रयास करेंगे। हम कुछ अलग चीजों की उम्मीद कर रहे हैं, यह सुनिश्चित है।

विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के बाद टेस्ट रैंकिंग में स्मिथ दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं, वहीं उनके साथी मार्नस लाबुशेन पहले और ट्रैविस हेड तीसरे स्थान पर मौजूद हैं। एशेज सीरीज से पहले स्मिथ ने अपने साथी बल्लेबाजों की जमकर तारीफ की।

## एशेज के पहले टेस्ट के लिए मोइन , एंडरसन और रॉबिन्सन अंतिम ग्यारह में शामिल वुड को आराम

**लंदन ।** इंग्लैंड ने शुक्रवार से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरु हो रही पांच मैचों की एशेज टेस्ट सीरीज 2023 के लिए अपने अंतिम ग्यारह खिलाड़ियों के नाम घोषित कर दिये हैं। इंग्लैंड ने हाल ही में संन्यास से वापसी करने वाले मोईन अली को भी अंतिम ग्यारह खिलाड़ियों में शामिल किया है। वहीं दूसरी ओर तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन और ओली रॉबिन्सन की भी टीम में वापसी हुई है। ये दोनो ही चोटिल होने के कारण आयरलैंड के खिलाफ हुए मैच से बाहर थे। वहीं तेज गेंदबाज मार्क वुड को आराम दिया गया है और ऐसे में स्टुअर्ट ब्रॉड नई गेंद से शुरुआत करेंगे। ब्रॉड ने इससे पहले साल 2019 एशेज सीरीज में ऑस्ट्रेलियाई सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर को जमकर परेशान किया था। ऐसे में माना जा रहा है कि इस बार वार्नर की कड़ी परीक्षा होगी। ब्रॉड पहले टेस्ट के लिए अंतिम ग्यारह में जगह पाने को लेकर आशंकित थे पर अब वह वार्नर से मुकाबले के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा, डेविड वार्नर के साथ अपनी लड़ाई जारी रखना बहुत अच्छा होगा। हमारे पास अतीत में कुछ शानदार मैच रहे हैं और यह उतना ही मुश्किल होगा।

# इंडोनेशिया ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे श्रीकांत, लक्ष्य और सिंधु हारे

**जकार्ता ।(एजेंसी)**



भारत के किदांबी श्रीकांत अपने ही हमवतन लक्ष्य सेन को हराकर इंडोनेशिया ओपन विश्व टूर सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गये हैं। पुरुष एकल के दूसरे दौर के मुकाबले में श्रीकांत और लक्ष्य को कड़ा मुकाबला हुआ। श्रीकांत ने करीब 45 मिनट के ऊपर चले इस मैच में लगातार दो गेम जीतकर 21-17 22-20 से मैच पर कब्जा किया। लक्ष्य के ऊपर श्रीकांत की यह तीसरी जीत है। वहीं महिला एकल में भारत की शीर्ष महिला खिलाड़ी पीवी सिंधु को हार का सामना करना पड़ा है। सिंधु को दूसरे दौर के मैच में चीनी ताइपे की तीसरी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ताइ जू यिंग के हाथों 18-21 16-21 से हार का सामना करना पड़ा। सिंधु की यह लगातार तीसरी हार है। वह गत दो टूर्नामेंटों में भी शुरुआती दौर में ही हार गयीं थीं। ताइ जू के खिलाफ मुकाबले में सिंधु को काफी परेशानी उठानी पड़ी। सिंधु की हार के साथ ही महिला एकल वर्ग में भारत की उम्मीदें अब समाप्त हो गयी हैं।

## सक्कारी और वेकिच को नॉटिंघम ओपन के दूसरे दौर में मिली शिकस्त

**नॉटिंघम ।** शीर्ष वरीयता प्राप्त मारिया सक्कारी और पूर्व चैंपियन डोना वेकिच को नॉटिंघम ओपन टेनिस के अंतिम 16 दौर में उलटफेर का सामना करना पड़ा। सक्कारी को एलीज कोर्नेट ने 6-1, 6-4 से हराया जबकि 2017 की चैम्पियन वेकिच को विक्टोरिजा गोलुबिच ने 6-4, 6-1 से शिकस्त दी। विंबलडन की तैयारियों से जोड़कर देखे जा रहे इस टूर्नामेंट में वरीयता प्राप्त एक और खिलाड़ी लिन झोउ को भी हार का सामना करना पड़ा। मेगडलेना फेच ने आठवीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी को 6-2, 6-4 से हराया। ब्रिटेन की हीथर वॉटसन ने तात्याना मारिया को 6-4, 6-4 से हराकर घरेलू प्रशंसकों को जश्न मनाने का मौका दिया। वह क्वार्टर फाइनल में गोलुबिच को चुनौती पेश करेंगी।



# अदिति ने तीरंदाजी विश्व कप के महिला वर्ग में शीर्ष पर रहने के साथ ही नया रिकॉर्ड बनाया



## पुरुष वर्ग में अभिषेक आठवें स्थान पर रहे

**मेडेलिन ।(एजेंसी)**

भारत की उभरती हुई तीरंदाज अदिति गोपीचंद स्वामी ने तीरंदाजी विश्व कप में नया रिकार्ड बनाया है। 16 साल की अदिति ने तीसरे चरण में महिला क्वालीफिकेशन राउंड में शीर्ष पर रहते हुए अंडर 18 कंपाउंड विश्व रिकॉर्ड तोड़ा। वह 72-तीर 50 मीटर की योग्यता में 711 अंकों के साथ यौगिक महिला क्षेत्र में शीर्ष पर रही। इस प्रकार उसने अमेरिका की लिको अरेओला द्वारा निर्धारित 705 के पिछले सर्वश्रेष्ठ स्तर को पीछे छोड़ा। अदिति ने पहले चरण की विजेता ज्योति सुरेखा वेनम और सारा लोपेज को पीछे किया

वहीं अंताल्या में तीरंदाजी विश्व कप 2023 चरण 1 में महिला कंपाउंड इवेंट क्वालिफिकेशन राउंड में विश्व रिकॉर्ड स्कोर की बराबरी करने वाली ज्योति क्वालिफिकेशन राउंड में 708 के साथ दूसरे स्थान पर रहीं जबकि परनीत कौर 700 अंकों के साथ छठे स्थान पर रहीं। ज्योति, अदिति और परनीत की भारतीय महिला कंपाउंड टीम क्वालीफिकेशन में 2119 अंकों के साथ शीर्ष पर रही, जो पिछले हफ्ते सिंगापुर में कोरिया द्वारा बनाए गए विश्व रिकॉर्ड से केवल एक अंक दूर है।

दूसरी ओर पुरुषों के कंपाउंड क्वालीफायर में पूर्व विश्व कप चैंपियन अभिषेक वर्मा 707 के स्कोर के साथ आठवें स्थान पर रहे। मिश्रित टीम में, अभिषेक और अदिति ने संयुक्त रूप से 1418 का स्कोर बनाया, योग्यता में कोलम्बियाई और डेन्स से आगे रहे। ओजस प्रवीण देवताले 703 अंकों के साथ 13वें और प्रथमेश समाधान जावकर 702 अंकों के साथ 19वें स्थान पर रहे।

## संक्षिप्त समाचार



### भारतीय क्रिकेट टीम के इंग्लैंड दौरे में लॉड्र्स सहित इन तीन स्टेडियमों में खेले जाएंगे मैच : ईसीबी

**लंदन ।** भारतीय क्रिकेट टीम के साल 2025 के इंग्लैंड दौरे में लॉड्र्स, ओवल ओर हेडिंग्ले में उसके तीन टेस्ट मैच खेले जाएंगे। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने इसी के साथ ही साल 2025 से2031 के बीच सात साल के लिए अपनी पुरुष और महिला टीम के घरेलू कार्यक्रम की भी घोषणा कर दी। गौरतलब है कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के भविष्य दौरा कार्यक्रम (एफटीपी) के अनुसार भारतीय टीम जून 2025 में पांच टेस्ट मैच खेलने के लिए इंग्लैंड जाएगी। ईसीबी ने कहा कि पटौदी ट्रॉफी के लिए ये मुकाबले लॉड्र्स, द ओवल, एजबेस्टन (बर्मिंघम), हेडिंग्ले (लीड्स) और ओल्ड ट्रैफर्ड (मैनचेस्टर) में खेले जाएंगे। वहीं साल 2029 की श्रृंखला में हेडिंग्ले की जगह साउथम्पटन रोज बाउल पर मैच होंगे। वहीं अन्य चार स्थलों लॉड्र्स, द ओवल, एजबेस्टन और ओल्ड ट्रैफर्ड में होने वाले मैचों के लिए कोई बदलाव नहीं किया गया है। ईसीबी के सीईओ रिचर्ड गोल्ड ने कहा, 'अगले सात वर्षों के कार्यक्रम की घोषणा करके हम तभी को काफी समय दे रहे हैं जिससे स्टेडियम में सुधार के सथ ही प्रशंसकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना लक्ष्य रहेगा। वहीं इंग्लैंड अगले साल जनवरी 2024 में पांच टेस्ट मैचों के लिए भारत का भी दौरा करेगी। ये सीरीज एंथोनी डि मेलो ट्रॉफी के लिए खेली जाएगी।

### एशियाई खेलों भाग नहीं लेंगी हिमा

**भुवनेश्वर ।** भारत की शीर्ष महिला फर्राटा एथलीट हिमा दास फिट नहीं होने के कारण चीन में होने वाले आगामी एशियाई खेलों से बाहर हो गयी हैं। हिमा अभी तक अपनी हैमस्ट्रिंग की चोट से नहीं उबरी हैं। भारतीय एथलेटिक्स संघ के मुख्य कोच राधाकृष्णा नायर ने हिना के इन खेलों में भाग नहीं लेने की बात कही है। हिमा ने जकार्ता में 2018 एशियाई खेलों में रजत पदक जीता था, ऐसे में उसका इस बार बाहर होना भारत के लिए बड़ा झटका है। पिछली बार वह स्वर्ण और रजत पदक जीतने वाली महिलाओं की चार गुणा 400 मीटर और मिश्रित चार गुणा 400 मीटर रिले टीम में भी शामिल थीं। नायर ने कहा ,'' यह निराशाजनक है कि वह अप्रैल में बेंगलुरू में इंडियन ग्रां प्री चार से एक दिन पहले ही चोटिल हो गई थीं उसकी हैमस्ट्रिंग में चोट है और कमर में भी दर्द है। उसकी चिकित्सा जांच जारी है। भारतीय एथलेटिक्स संघ (एएफआई) की नीति के तहत वह एशियाई खेलों में भाग नहीं ले सकेगी। चोट के कारण वह पिछले महीने रांची में हुए फेडरेशन कप से भी बाहर रहीं थीं। नायर ने तब कहा था कि वह एशियाई खेलों के अंतिम चयन टूर्नामेंट राष्ट्रीय अंतर प्रांत चैम्पियनशिप में भाग लेने के लिये फिट हो जायेगी पर ऐसा हुआ नहीं एएफआई ने शुरुआत में ही कह दिया था कि जिन खिलाड़ियों को छूट मिली है उनके अलावा सभी को एशियाई खेलों में भाग लेने के लिए राष्ट्रीय चैम्पियनशिप खेलनी होगी। वहीं अगर वह राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में भाग नहीं लेते तो उन्हें एशियाई खेलों के लिए जगह नहीं मिलेगी।

# पाक महिला क्रिकेटर नाहिदा ने खेल को अलविदा कहा

**लाहौर ।(एजेंसी)**

पाकिस्तान की महिला क्रिकेटर नाहिदा खान ने खेल से संन्यास की घोषणा कर दी है। नाहिदा पिछले 14 साल से खेल रहीं थीं। इस बल्लेबाज ने श्रीलंका के खिलाफ फरवरी 2009 में अपना पहला अंतरराष्ट्रीय मैच खेला था। 35 वर्षीय नाहिदा ने अपने करियर में तीन क्रिकेट विश्व कप और चार टी20 विश्व कप खेले हैं। नाहिदा ने अपने एक बयान में कहा, मैं अपने पूरे करियर में मिले समर्थन के लिए आभारी हूं। मैं अपने परिवार, टीम के साथियों, कोचों और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को उनके मार्गदर्शन और मेरी क्षमताओं में भरोसा रखने के लिए धन्यवाद देती हूं। मैं उन भावुक प्रशंसकों का भी आभार प्रकट अदा करना चाहती हूं, जिन्होंने मेरे इस सफल में समर्थन किया। नाहिदा ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 2000 से अधिक रन बनाए और इस दौरान आठ अर्धशतक लगाये। इसमें 2018 में कुआलालंपुर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेली उनकी 66 रनों की पारी भी शामिल है। उन्होंने एकदिवसीय पारी में सबसे अधिक चार कैच लेने का रिकॉर्ड भी बनाया है। पाक महिला क्रिकेट प्रमुख तानिया मल्लिक ने नाहिदा के खेल में योगदान को सराहा और कहा कि उनके समर्पण, कौशल और निरंतर दृढ़ संकल्प ने खेल पर एक अमिट छाप छोड़ी है, जो क्रिकेटरों की पीढ़ियों को अपने सपनों का पालन करने और महानता का पीछा करने के लिए प्रेरित करती है। नाहिदा को भविष्य की अपनी नई पारी के लिए हम शुभकामनाएं देते हैं।



## टीएनपीएल में अश्विन ने सभी का ध्यान खींचा

**चेन्नई ।** टीम इंडिया के अनुभवी ऑफ स्पिनर आर अश्विन हाल ही में इंग्लैंड में हुए विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्लयूटीसी) फाइनल के लिए टीम इंडिया में जगह नहीं मिलने के कारण चर्चाओं में आये थे। अश्विन को अंतिम ग्यारह में नहीं रखने के लिए टीम के कप्तान रोहित शर्मा और मुख्य कोच राहुल द्रविड़ भी आलोचना का शिकार हुए थे। इस मैच में भारतीय टीम को अश्विन की कमी खली थी। वहीं इन सब बातों पर ध्यान नहीं देते हुए अश्विन स्वदेश लौटकर तमिलनाडू प्रीमियर लीग (टीएनपीएल) खेलने लगे हैं। यहां पहले ही मैच में अपने प्रदर्शन से अश्विन ने सभी को प्रभावित किया। भारतीय टीम के अन्य सदस्य जहां विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल के बाद घूमने के लिए यूरोप गये हैं। वहीं अश्विन के स्वदेश लौटकर अभ्यास करने की सभी ने प्रशंसा की है। अश्विन तमिलनाडु प्रीमियर लीग में डिंडिगुल ड्रैगंस की कप्तानी कर रहे। उन्होंने पहले ही मैच में त्रिचि के खिलाफ शानदार गेंदबाजी की। कोयंबटूर में खेले जा रहे टीएनपीएल में उन्होंने दूसरी ही गेंद पर विकेट लेकर अच्छी शुरुआत की। अश्विन इस मैच में चौथे ओवर में गेंदबाजी के लिए आए थे और उन्होंने अपनी दूसरी गेंद पर ही डैरिल फरेरो को पेवेलियन भेज दिया। अश्विन ने इस मुकाबले में शानदार गेंदबाजी की और 4 ओवरों में सिर्फ 26 रन देकर 2 विकेट लिए। उनका एक ओवर मेडन रहा था। अश्विन के अलावा इस मैच में स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने भी भाग लिया। डिंडिगुल की ओर से वरुण ने 4 ओवर में सिर्फ 21 रन देकर 3 विकेट हासिल किए।



## बीसीसीआई ने मुख्य प्रायोजक के लिए निविदाएं बुलायीं

**मुम्बई ।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड बीसीसीआई ने राष्ट्रीय क्रिकेट टीम के मुख्य प्रायोजक के लिए निविदाएं आमंत्रित की हैं। इससे पहले प्रायोजिक रहे बायजू ने गत वित्त वर्ष के अंत में बीसीसीआई से अपना करार समाप्त कर दिया था। इससे पहले बायजू ने भारतीय पुरूष टीम की जर्सी में अपने लोगो के लिए साढे तीन करोड़ डॉलर का करार किया था। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कहा,''बीसीसीआई ने राष्ट्रीय टीम के मुख्य प्रायोजन अधिकारों के लिए बोलियां आमंत्रित की है। बोली लगाने के लिए शुल्क पांच लाख रूपये रखा गया है और इसकी अंतिम तिथि इस माह 26 जून है।

# लियोन को निशाने बनायेंगे बनायेंगे हैरी

**लंदन ।(एजेंसी)**

इंग्लैंड के युवा सलामी बल्लेबाज हैरी ब्रूक ने शुक्रवार से यहां ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरु हो रहे पहले टेस्ट मैच से पहले कहा कि उनके निशाने पर ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर नाथन लियोन रहेंगे। लियोन ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्लयूटीसी) फाइनल में भारत के खिलाफ सबसे अधिक विकेट लिए थे। माना जा रहा था कि एशेज सीरीज में लियोन को आक्रामक बल्लेबाजों का सामना करना पड़ेगा। इसका अंदाजा हैरी के ताजा बयान से हुआ है। हैरी ने कहा, अगर लियोन अच्छी गेंदबाजी करता है मैं उसका सम्मान करूंगा। मुझे लगता है कि मैं एक ऐसा खिलाड़ी हूं जो जगह ढूंढ सकता है और उसके बाद शॉट लगाकर रन बटोर सकता हूं। मेरा प्रयास विकेट के चारों ओर खेलने का रहता है। मैं देखूंगा कि उनके पास क्या फील्डिंग है। इस युवा बल्लेबाज ने अपने टेस्ट करियर की शानदार शुरुआत करते हुए अबतक सात टेस्ट में चार शतक और तीन अर्द्धशतक के साथ ही 81.80 की औसत से कुल 818 रन बनाए हैं। ब्रूक ने कहा, मैं शायद नहीं सोच रहा था कि मैं इस तरह की शुरुआत के लिए जा रहा था पर मैं इसे सप्ताह के हर दिन ले जाऊंगा। उन्होंने कहा, मैं एशेज में खेलने के लिए काफी समय से उत्साहित हूं। मुझे पता है कि डब्ल्यूटीसी में जीत के बाद ऑस्ट्रेलिया दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों में से एक बन गयी है और मैं हमेशा दुनिया के सबसे बेहतर खिलाड़ियों के खिलाफ खेलना पसंद करता हूं और देखना चाहता हूं कि मैं असल में कितना अच्छा हूं। मैं उन लड़कों का सामना करने और उनके खिलाफ अपने को चुनौती देने के लिए बेसब्र हूं। ब्रूक ने कहा, पहली बार एशेज में खेलने मेरे लिए निश्चित रूप से एक सपने के सच होने जैसा है। अब तक मैं इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को एक-दूसरे का सामना करते हुए देख रहा था।

**पहले टेस्ट के लिए दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं :**

**इंग्लैंड टीम:** बेन स्टोक्स (कप्तान), जेम्स एंडरसन, जोनाथन बेयरस्टो, स्टुअर्ट ब्रॉड, हैरी ब्रूक, ज़क क्रॉली, बेन डकेट, डैन लॉरेंस, मोइन अली, ओली पोप, मैथ्यू पॉट्स, ओली रॉबिन्सन, जो रूट, जोश टंग, क्रिस वोक्स, मार्क वुड।

**ऑस्ट्रेलियाई टीम:** पैट कमिंस (कप्तान), स्कॉट बोलैंड, एलेक्स केरी (विकेटकीपर), कैमरून ग्रीन, मार्कस हैरिस, जोश हेजलवुड, ट्रेविस हेड, जोश इंगलिस (विकेटकीपर), उस्मान ख्वाजा, मारनस लेबुस्चगने, नाथन लियोन, मिच मार्श, टॉड मर्फी, मैथ्यू रेनशॉ, स्टीव स्मिथ (उपकप्तान), मिशेल स्टार्क, डेविड वार्नर

# जूनियर विश्व कप पर टिकी हैं कप्तान उत्तम की नजरें

## मुश्किल हालातों के बीच यहां तक पहुंचे

**बेंगलुरू ।**

जूनियर एशिया कप हॉकी की विजेता भारतीय टीम के कप्तान उत्तम सिंह की नजरें अब अब पांच से 16 दिसंबर तक कुआलालंपुर में होने वाले जूनियर विश्व कप पर टिकी हैं। उत्तम के अनुसार टीम के कोच का लक्ष्य टीम को जीत की आदत डालना है। उन्होंने कहा कि सीनियर टीम के साथ खेलने से भी टीम को हौंसल बढ़ा है और उसे अपने में सुधार का अवसर मिला है। उत्तम ने बेहद खराब आर्थिक हालतों के बाद भी यहां तक का सफर तय किया है। उत्तर प्रदेश के करमपुर जिले में उत्तम हॉकी के कारण लुधियाना अकादमी पहुंचे। उत्तम ने कहा, ''मेरा परिवार 2019 तक मिट्टी से बने घर में रहा करता था, हम एक बहुत ही सामान्य जीवन जीते थे और जब मैं छात्रावास गया तब मुझे अपने छात्रावास के कमरे में पंखा और कूलर रखने का अवसर मिला था। साथ ही कहा, ''मेरे माता-पिता ऐसी किसी सुविधा के बिना सोते थे और यह मुझे अच्छा नहीं लगता था। मैं चाहता था कि मेरे माता-पिता को भी सबसे अच्छी सुविधाएं मिले और मुझे पता था कि हॉकी में करियर मेरी तकदीर बदल सकता है। उन्होंने कहा, '' एक समय मुझे लगा कि जैसे मैंने हॉकी से जुड़े रहने का गलत फैसला किया क्योंकि एक दशक तक हॉकी खेलने के बाद भी मुझे जूनियर टीम में नहीं चुना गया। उत्तम ने कहा, ''लेकिन मैं अपने माता-पिता की खातिर कभी निराश नहीं हुआ, मुझे बस इतना करना था कि अगले राष्ट्रीय खेलों में बेहतर प्रदर्शन करना था।



# उत्तम औषधि है काजू

मेवे का प्रयोग उत्तम औषधि के रूप में किया जाता है। क्योंकि मेवा स्वाद की नहीं बल्कि सेहत की दृष्टि से भी उतनी ही फायदेमंद हैं। काजू में मैग्नीशियम पाया जाता हैं जो उच्च रक्तचाप को कम करने में और दिल के दौररे को रोकने में मदद करता है। काजू कोलेस्ट्रॉल के स्तर को भी संतुलित रखता है। काजू में प्रोटीन की मात्रा काफी होती है जो बॉडी व हड्डियों को मजबूत बनाती है। चाहे मिठाई में काजू कतली हो या फिर दूसरे पकवानों में काजू का इस्तेमाल। काजू किसी भी आम डिश को शाही बना सकता है। अब जब काजू हमें इतना पसंद ही है तो इससे होने वाले लाभ के बारे में भी जान लेना चाहिए। काजू में प्रोटीन, खनिज लवण, लौह, फाइबर, फोलेट, मेग्नीशियम, फॉस्फोरस, सेलेनियम, और तांबा का अच्छा स्त्रोत है। काजू का तेल, स्कर्वी मस्सा और रिंगवर्म के उपचार के लिए इस्तेमाल किया जाता है। आप प्रतिदिन 7–10 काजू का सेवन कर सकते हैं। काजू खाने से मसूडों और दांतों को स्वस्थ रखता है। काजू में मोनो सैचुरेटड फैट होता है जो की दिल को स्वस्थ रखता है ओर दिल की बीमारियों के खतरे को कम करते में मदद करता है। काजू में एंटी ओक्सिडेंट भी होते हैं जो कैंसर से बचाव करता है। काजू पाचन शाक्ति को बढाता है। इससे भूख भी कहीं अधिक लगती है। आंतों में भरी गैस कम किया जा सकता है। काजू में पाए जानवाले फाइटो–केमिक्लस कैंसर और दूसरे बीमारियों से सुरक्षा करते हैं। जिन महिलाओं को मेनोपॉज है उन्हें तनाव, स्ट्रेस होनो एक आम सा समस्या है। उन महिलाओं को रोजाना एक काजू खाना चाहिए। काजू में पर्याप्त मात्रा में मैग्नीशियम पाया जाता है। काजू में अधिक एनर्जी होती है और इसमें अधिक मात्रा में फाइबर होता है। इसलिए इसको खाने से शरीर का वजन संतुलित रहता है।





# गर्भाशय में रसौली के लक्षण जान इस तरह करें घरेलू उपचार

बिगड़ते लाइफस्टाइल में महिलाओं में कई समस्याएं देखने को मिलती है, इन्हीं में से एक फाइब्रॉइड यानी रसौली। फाइब्रॉइड या रसौली की गांठें महिलाओं के गर्भाशय में या उसके आसपास बनती है। इस बीमारी के ज्यादातर लक्षण न होने के कारण महिलाओं को इसका पता नहीं चल पाता। एक शोध के अनुसार लगभग 40 प्रतिशत महिलाएं रसौली का शिकार होती है। वैसे तो अक्सर यह समस्या 30 से 50 की उम्र में देखने को मिलती है लेकिन गलत खान-पान के कारण यह समस्या इससे कम उम्र में हो जाती है। मोटापे से ग्रस्त महिलाओं का एस्ट्रोजन हार्मोन स्तर ज्यादा होने के कारण उन्हें इसका खतरा सबसे अधिक होता है। इस बीमारी के कुछ सामान्य लक्षणों से इसकी पहचान करके आप इससे बच सकते है। तो आइए जानते है फाइब्रॉइड के लक्षण और इसे दूर करने के कुछ घरेलू उपाय।



### फाइब्रॉइड या रसौली के लक्षण

पीरियड्स के दौरान भारी ब्लीडिंग
अनियमित पीरियड्स
पेट के नीचे के हिस्से में दर्द
प्राइवेट पार्ट से खून आना
कमजोरी महसूस होना
प्राइवेट पार्ट से बदबूदार डिस्चार्ज
पेट में अचानक दर्द कब्ज
पेशाब रुक–रुककर आना

### फाइब्रॉइड या रसौली के घरेलू उपाय

### केस्टर ऑयल

दिन में 2 बार केस्टर ऑयल और अदरक के रस को मिला कर लें। सुबह और रात में सोने से पहले इसका सेवन इस बीमारी को दूर करता है।

### लहसुन

रसौली की समस्या होने पर खाली पेट रोज 1 लहसुन का सेवन करें। लगातार 2 महीने तक इसका सेवन इस समस्या को जड़ से खत्म कर देता है।

### बरडॉक रूट

यह जड़ी–बूटी एस्ट्रोजन को डिटॉक्स कर गर्भाशय फाइब्रॉइड को कम करने में मदद करती है। एंटी–इंफ्लेमेंटरी गुण से भरपूर इस जड़ी–बूटी का सेवन इस समस्या और कैंसर के खतरे को कम करता है।

### सेब का सिरका

गर्म पानी के साथ सुबह शाम सेब का सिरका पीने से फाइब्रॉइड की समस्या दूर होती है। इसके अलावा इसका सेवन फाइब्रॉइड से होने वाले पेट दर्द को भी दूर करता है।

### चेस्टबेरी

यह हर्ब हार्मोन संतुलन करके एस्ट्रोजन के कम स्तर को बनाए रखने और सूजन को कम करने में मदद करता है। चेस्टबेरी हर्ब से बने मिश्रण की 25–30 बूंदों को दिन में दो से चार बार लेने से आपकी यह समस्या दूर हो जाएगी।

### हल्दी

एंटीबॉयोटिक गुणों से भरपूर हल्दी का सेवन शरीर से विषैले तत्वों को बाहर निकाल देता है। यह फायब्रॉइड की ग्रोथ को रोक कर कैंसर का खतरा कम करता है।



# दांतों में कैविटी की समस्या को इन तरीकों से करें दूर

सफेद और सुंदर दांत व्यक्ति की खूबसूरती को और बढ़ादेते हैं। इनके बिना खाना खाने का कोई मजा नहीं आता। ऐसे में दांतों की सही देखभाल करना बहुत ही जरूरी होता है। कुछ लोग के गलत खान-पान या सही तरीके से दांतों की देखभाल न करने पर इनमें कैविटी यानी कीड़ा लग जाता है। यह किसी भी उम्र के लोगों को हो सकता है। कई बार कीड़ा लगने से इतना दर्द होता है कि उसको सहन करना बहुत मुश्किल हो जता है। इस दर्द से छुटकारा पाने के लिए कई लोग दवाइयां और ट्रीटमेंट का सहारा भी लेते हैं। जो की बहुत मंहगा है। ऐसे में आप नैचुरल तरीके से भी दांतों में लगे कैविटी को आसानी से हटा सकते हैं। तो आइए जानते हैं उन तरीकों के बारे में।

### क्या है कैविटी

शक्करयुक्त खाद्य पदार्थो यानि बिस्किट्स, चॉकलेट्स, आलू, केला को खाने से मुंह में अमल बनने लगते हैं। इससे दांतों में धीर–धीरे छोटे–छोटे से छिद्र बन जाते हैं। बाद में इन्हीं छिद्रों में कैविटी या कीड़ा लगत जाता है। इसके अलावा दांतों में संक्रमण होने पर भी कैविटी बन सकती है। इसका इलाज न करावाने पर दांतों के खराब होने का खतरा बढ़ जाता है। पीड़ित व्यक्ति को दांत खोने पड़ सकते हैं।

### ऐसे करे कैविटी से बचाव

मिठाई, कैंडी और चॉकलेट खाना कम करें।
शक्करायुक्त खाद्य पदार्थों का सेवन करने से बचें।
ज्यादा मिठ्ठा फल न खाएं।
सोडा न पीएं। इसमें 12 से 40 ग्राम चीनी की मात्रा होती है जो कि दांतों के लिए बिल्कुल भी ठीक नहीं होती। खाने के बाद कुल्ला करें।
तेल और मसालेदार भोजन न खाएं।
ज्यादा गर्म या ठंडा खाना खाने से बचें।

## कैविटी लगे दातों का घरेलू इलाज

### नारियल या सूरजमुखी का तेल

कीड़ा लगे दांतों में तेल भरना सबसे बेस्ट घरेलू तकनीक है। इसके लिए आप नारियल तेल या सूरजमुखी का तेल का इस्तेमाल कर सकते हैं। 1 चम्मच तेल को अपने मुंह में कम से कम 20 मिनट तक रखें। इसके बाद कुल्ला करें और ब्रश कर लें। कुछ दिनों तक ऐसा करने से आपको खुद ही फर्क दिखाई देने लगेगा।

### फ्लोराइड

यह एक तरह का प्राकृतिक खनिज पदार्थ है। यह दांतों में किसी भी प्रकार का रोग नहीं होने देता है। दातों को सुरक्षित रखने के लिए उस पानी का इस्तेमाल करें जिस में फ्लोराइड की मात्रा ज्यादा हो। इसके साथ ही टूथ पेस्ट से रोजाना दो बार ब्रश करें।

### हींग

हींग का इस्तेमाल करने से भी दांतों के कीड़े खत्म हो जाते हैं। हींग के पाउडर को पानी में डालकर उबा लें। इसके ठंड़ा होने पर इस पानी से कुल्ला करें। रोजाना ऐसा करने से दांत के कीड़े खत्म हो जाएंगे। इसके साथ ही दांतों में होने वाले दर्द से भी छुटकारा मिलेगा।

### प्याज के बीज

दांतों के कीड़े को नष्ट करने के लिए प्याज के बीजों का इस्तेमाल करें। इसके बीजों को चबाने से कीड़े जल्द ही खत्म हो जाते हैं। आप चाहें तो प्याज को बारिक काट कर भी इसका इस्तेमाल कर सकते हैं। एक कटोरे बारिक कटा प्याज डालकर उसमे इसमें थोड़ा–सा तेल डालकर कम आंच पर गर्म करें। इससे निकलने वाले धुएं को मुंह में लेने से भी कीड़े मर जाते हैं।





# खट्टे-मीठे बेर में समाएं कई गुण

आयुर्वेद के अनुसार बेर दिल की सेहत के लिए बहुत ही लाभकारी है। बेर खाने से कोलेस्ट्रॉल कंट्रोल रहता है, जिससे दिल से जुछी बीमारियां होने की आशंका कम हो जाती है। बरे खाने से बार–बार प्यार लगने की शिकायत भी दूर होती है। खट्टे–मीठे बेर में पोटैशियम, कॉपर, आयरन, फॉस्फोरस और खनिज पदार्थ आदि भी होते हैं। इन सभी तत्वों से इम्यून सिस्टम मजबूत बनता है और शरीर में रोगों से लडने की क्षमता बढती है। गर्मियों में पौधे सुषुप्तावस्था में प्रवेश कर जाते हैं व उस समय पत्तियां अपने आप ही झड जाती हैं तब पानी की आवश्यकता नहीं के बारबर होती है। इस तरह बेर अधिक तापमान तो सहन कर लेता है लेकिन शीत ऋतु में पडने वाले पाले के प्रति अतित संवेदनशील होता है। क्योंकि इसमें कम पानी व सूखे से लडने की विशेष क्षमता होती है। जिस तरह नींबू और संतरे में विटामिन सी प्रचुर मात्रा पाई जाती हैं उसी तरह बेर में भी। बेर में अन्य फलों के मुकाबले विटामिन–सी और एंटीऑक्सीडेंट ज्यादा मात्रा में होते हैं। इसके सेवन से त्वचा बढती उम्र तक जवां बनी रहती हैं। इसमें विटामिन सी की मात्रा खट्टे फलों से 20 गुना तक अधिक होती है। बेर की गुठली को घिसकर आंखों में काजल की तरह लगाने से कनीनिका प्रदाह ठीक हो जाता है। आंखों से बहने वाला पानी भी बंद हो जाता है। बेर के पत्तों को पानी में काफी समय तक उबालकर काढा बनाकर छानकर पीने से शरीर की बढती चर्बी कंट्रोल हो जाती है। चेचक में बेर के पत्तों का रस भैंस के दूध के साथ रोगी को देने से रोग का वेग कम होता है। बेर में 6 ग्राम पत्तों के चूर्ण को 2ग्राम गुड के साथ मिलाकर रोगी को खिलाने से भी 2–3 दिन में चेचक खत्म होने लगता है।





# खीरे में हैं सेहत व सौंन्दर्य के अनगिनत गुण

खीरा सेहत के लिए काफी लाभकारी माना जाता है। ये सेहत के साथ–साथ सौंदर्य में बहुत फायदेमंद होता है। कम फेट व कैलोरी से भरपूर खीरे का सेवन आपको कई रोगो से बचाने में सहायता करता है। खीरे को आप कई तरह से खा सकते हैं, जैसे सलाद, जूस, सैंडवीच, या यूं ही नमक छिडक कर भी खा सकते हैं। खीरे के स्वास्थ्यवद्र्धक और सौन्दर्यवद्र्धक गुण दोनों अनगिनत होते हैं जैसे आयुर्वेद के अनुसार खीरा, पित्त, रक्त पित्त दूर करने वाला तथा रक्तविकार और मूत्र कच्छ नाशक रूचिकर फल है। खीरे के प्रयोग से पेट तथा जिगर की जलन शांत होती है। खीरे का नियमित सेवन से मासिक धर्म में होने वाली समस्याओं से भी छुटकारा मिलता है। खीरा एक ऐसी सब्जी है जिसमें कोलेस्ट्रोल बिल्कुल नहीं होता। यह हृदय रोगी के लिए बहुत लाभकारी माना जाता है। एक अध्ययन के अनुसार खीरा में जो स्ट्रेराल नाम का योगिक होता है वह कोलेस्ट्रोल को कम करने में मदद करता है। खीरे में कैलोरी कम और फाइबर उच्च मात्रा में होता है। इसलिए मीडे डे में भूख लगने पर खीरा खाने से पेट देर तक भरा हुआ रहता है। आयुर्वेद के मुताबिक पेट में गर्मी होने के वजह से मुंह से बदबू निकलता है, खीरा पेट को शीतलता प्रदान करने में मदद करता है।



## फिलीपीन की राजधानी के दक्षिण पश्चिम क्षेत्र में आया भूकंप

मनीला। फिलीपीन की राजधानी के दक्षिण पश्चिम क्षेत्र में गुरुवार को 6.2 तीव्रता का भूकंप आया लेकिन इससे बड़े नुकसान या किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। यूएस जियोलॉजिकल सर्वे के मुताबिक सुबह 6.2 तीव्रता का भूकंप हुके के पास और सतह से करीब 120 किलोमीटर की गहराई पर आया। फिलीपीन में अक्सर भूकंप के झटके महसूस किए जाते हैं लेकिन इससे बड़ी क्षति की आशंका कम होती है। हुके मनीला से लगभग 140 किलोमीटर दूर है। फिलीपीन की राष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण और प्रबंधन परिषद ने कहा कि बड़े नुकसान या लोगों के हताहत होने की तत्काल कोई सूचना नहीं है, लेकिन इसका आकलन जारी है। प्रशांत महासागर के बेसिन में स्थित भूकंप संभावित और ज्वालामुखी क्षेत्र रिंग ऑफ फायर में स्थित होने के कारण फिलीपीन नियमित रूप से भूकंप और ज्वालामुखी विस्फोट का अनुभव करता है। फिलीपीन के सबसे सक्रिय मेयोन ज्वालामुखी में वर्तमान में विस्फोट हो रहा है। अभी यह विस्फोट हल्का है, फिर भी संभावित क्षति की आशंका से ज्वालामुखी के निकटवर्ती पूर्वोत्तर अल्बे प्रांत के क्षेत्र से लगभग 18,000 लोगों को हटा कर सुरक्षित जगहों पर भेजा गया है।

## नाइजीरिया में नौका दुर्घटना में मृतकों की संख्या बढ़कर 106 हुई

अबुजा । उत्तरी नाइजीरिया में हुई नौका दुर्घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर 106 हो गई है, जिनमें बच्चे भी शामिल हैं। हालांकि पुलिसकर्मियों और ग्रामीणों ने कुछ और लोगों को जिंदा बचाया है। पुलिस प्रवक्ता ओकासनमी अजयी ने बताया कि नौका क्वारा राज्य के पटेगी जिले में नाइजर नदी में सोमवार तड़के दुर्घटनाग्रस्त हुई। उन्होंने बताया कि 144 लोगों को अभी तक बचाया गया है। स्थानीय प्रमुख अब्दुल गाना लुकपाडा ने कहा ?कि नौका में क्षमता से अधिक लोग सवार थे। उसमें करीब 300 लोग सवार थे। नौका पानी के अंदर एक बड़े लट्ठे से टकरा गई और क्षतिग्रस्त हो गई। क्वारा के गवर्नर अब्दुलरहमान अब्दुलराज़क के कार्यालय ने बयान जारी कर शोक व्यक्त किया है।

## बेरोजगारी के चलते चीन की अर्थव्यवस्था पिछड़ी, युवाओं के पास नहीं है कोई काम

बीजिंग। कोरोना का असर चीन पर अब भी नजर आ रहा है। यहां बेरोजगारी के चलते पूरी अर्थव्यवस्था भी पिछड़ गई है। विशेषज्ञों का मानना है कि चीन की अर्थव्यवस्था पर कंट्रोल करना बड़ा मुश्किल है। इस तरह से दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था का बुरा दौर शुरू हो गया है। असल में कोरोना महामारी के करीब तीन साल बाद चीन की अर्थव्यवस्था अब गिर रही है। इस हालात में चीन में युवाओं को नौकरी ढूंढने में खासा दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। चीन में 16 से 24 वर्ष की आयु के लोगों की बेरोजगारी दर मई में 20.8 प्रतिशत के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है। जबकि अप्रैल महीने में यह आंकड़ा 20.4 प्रतिशत था। चीन ने कमजोर अर्थव्यवस्ता इंडिकेटर की सीरीज की एक रिपोर्ट जारी की है। जिसमें लगातार दूसरे महीने बेरजोगारी दर अपने रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है। एनबीएस ने एक बयान में कहा कि कुल मिलाकर शहरी बेरोजगारी मई के महीने में 5.2 प्रतिशत पर रही। इस बीच, मई में औद्योगिक उत्पादन 3.5 प्रतिशत बढ़ा, जो एक महीने पहले 5.6 प्रतिशत था, क्योंकि कारखाने धीरे-धीरे पूरी क्षमता पर लौट आए हैं। साल 2021 के एक सर्वे के मुताबिक शंघाई और बीजिंग जैसे बड़े शहरों में नए ग्रेजुएट के लिए नौकरियों के लिए औसतन केवल 749 अमेरिकी डॉलर प्रति माह की सैलरी दी गई। बता दें कि चीन में महामारी से जुड़ी रोकथाम हटा दी गई है। इसके बावजूद चीन में युवा रोजगार दर को कम करने की मूलभूत स्थितियों में सुधार नहीं हो रहा है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक एक रिसर्च में पाया गया कि युवा बेरोजगारी जीवन भर की कमाई को कम कर देती है। क्योंकि इसका मतलब यह है कि युवा स्किल तैयार करने के मबत्वपूण अवसरों को खो रहे हैं।

## ब्रिटेन में भारतीय मूल की लड़की को चाकू गोदकर मार डाला

### -बचने के लिए घर में घुसने की कोशिश की, पर घर था बंद

लंदन । ब्रिटेन में भारतीय मूल की लड़की को चाकू गोदकर मार डाला गया। बचने के लिए लड़की एक घर में घुसने की कोशिश की थी, परंतु घर बंद था, इसलिए नहीं बच सकी। ब्रिटिश-भारतीय छात्रा ग्रेस ओमाल्ली कुमार, जिसे बेरहमी से चाकू मारा गया था, मरने से पहले एक घर के अंदर जाने की कोशिश की, लेकिन असफल रही। यह जानकारी घर की मालकिन ने मीडिया को दी। नाम न छापने का अनुरोध करते हुए महिला ने कहा कि वह और उसका परिवार घर से बाहर थे, बुधवार सुबह जब लौटे, तो उन्हें घटना के बारे में पता चला। 28 वर्षीय महिला ने मीडिया को बताया कि ग्रेस की मौत हमारे दरवाजे पर हो गई। महिला ने बताया कि उसके घर के सामने के दरवाजे पर बहुत खून फैला था, इसके कारण उन्हें पिछले दरवाजे से घर में घुसना पड़ा। महिला ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है जैसे ग्रेस ने घर में घुसने की कोशिश की थी, लेकिन घर बंद था। उसने कहा कि अगर हम में से कोई घर में होता, तो हम उसे अंदर आने देते और शायद उसकी जान बच जाती। महिला ने कहा कि वह सुन्न महसूस कर रही है। यह बहुत विनाशकारी है। पश्चिम अफ्रीकी मूल के 31 वर्षीय एक व्यक्ति को हत्या के संदेह में गिरफ्तार किया गया है। उल्लेखनीय है कि 13 जून को नाइट आउट से घर लौटते समय ग्रेस की इलकेस्टन रोड पर सुबह 4 बजे चाकू मारकर हत्या कर दी गई थी। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार हमला होने के बाद उन्हें मदद के लिए चिल्लाते हुए सुना गया। मुख्य कांस्टेबल केट मेनेल ने कहा कि यह एक भयानक और दुखद घटना है। हमने एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है। मामले की जांच जारी है।

## मियामी मेयर ने रिपब्लिकन की ओर से राष्ट्रपति पद के लिए दावेदारी पेश की

मियामी । मियामी मेयर फ्रांसिस सुआरेज ने राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए रिपब्लिकन की ओर से अपनी उम्मीदवारी पेश कर कागजी कार्रवाई की। सुआरेज (45) ने संघीय निर्वाचन आयोग को अपनी उम्मीदवारी की जानकारी दी। राष्ट्रपति पद की दौड़ में अब तक शामिल उम्मीदवारों में वह एकमात्र हिस्पैनिक (जातीय समूह) हैं। 'यूएस कांफ्रेंस ऑफ मेयर्स' के अध्यक्ष सुआरेज ने हाल के वर्षों में मियामी में कंपनियों को लुभाने के अपने प्रयासों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर ध्यान खींचा है। वह शहर को क्रिप्टो हब और सिलिकॉन वैली जैसा बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं। अभी तक रिपब्लिकन की ओर से पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपनी उम्मीदवारी पेश कर चुके हैं। वह 2024 के राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी की ओर से उम्मीदवारी की दौड़ में सबसे आगे हैं। ट्रंप (77) ने फ्लोरिडा के मियामी स्थित संघीय भवन में गोपनीय दस्तावेजों से छेड़छाड़ करने से जुड़े आरोपों में मियामी की अदालत में खुद को निर्दोष बताया था। राष्ट्रपति पद से 2021 में हटने के बाद गोपनीय सरकारी दस्तावेज अवैध रूप से अपने पास रखने को लेकर अभ्यारोपित किए जाने के बावजूद डोनाल्ड ट्रंप व्हाइट हाउस में एक और कार्यकाल के लिए प्रचार अभियान जारी रख सकते हैं। अमेरिका में पहली बार एक पूर्व राष्ट्रपति के खिलाफ संघीय आरोप लगाए गए हैं।

## गलवान संघर्ष के बाद तीन साल में एलएसी पर लड़ाकू क्षमताओं में इजाफा

भारत ने गलवान घाटी में 2020 में हुए संघर्ष के बाद से चीन के साथ करीब 3500 किलोमीटर लंबी वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर सैन्य ढांचे, निगरानी और लड़ाकू क्षमताओं में काफी इजाफा किया है। इस घटना के तीन साल पूरे होने के मौके पर सेना के सूत्रों ने बुधवार को यह बात कही। भारत और चीन की सेनाएं सीमा पर तनाव कम करने के लिए बातचीत कर रही हैं। दोनों पक्षों के बीच टकराव वाले कुछ बिंदुओं पर गतिरोध की स्थिति है, वहीं कुछ बिंदुओं से सैनिकों की वापसी हो गयी है। गलवान घाटी में 15 जून, 2020 को दोनों सेनाओं के बीच हुआ संघर्ष पिछले पांच दशक में एलएसी पर इस तरह का पहला संघर्ष था और इससे द्विपक्षीय संबंधों में तनाव आ गया। सूत्रों ने गलवान संघर्ष के बाद उठाये गये कदमों के बारे में पूछे जाने पर कहा कि भारत ने पिछले तीन साल में एलएसी पर चीन के साथ 'ढांचागत अंतराल' को काफी कम किया है और उसका सतत ध्यान हैलीपड, एयरफील्ड, पुल, सुरंग, सैनिकों के ठिकाने और अन्य जरूरी सुविधाओं के निर्माण पर है।



इजरायल मे विश्व रक्त दान दिवस पर रक्तदान करते हुए वालिंटियर्स।

## भारत में पिकाचू का स्वागत है! दिल्ली के आसमान में पोकेमॉन थीम वाला प्लेन

बचपन में आपने भी पोकेमान कार्टून देखा होगा। इस कॉर्टून में सबसे स्पेशल कैरेक्टर पिकाचू है, जो पावरफुल होने के साथ-साथ क्यूट भी है। ये सीरिज जापान की है और इसे भारत में भी बच्चों द्वारा बेहद ही पसंद किया जाता है। इस लोकप्रियता को देखते हुए जापान के राजदूत हिरोशी सुजुकी ने पिकाचू जेट की घोषणा की है। भारत में जापान के राजदूत हितोशी सुज़ुकी के ट्वीट में पोकेमॉन-थीम वाले बोइंग 787 की विशेषता वाले ट्वीट ने सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं का ध्यान आकर्षित किया है। राजदूत ने ऑल निप्पॉन एयरवेज के पिकाचु जेट एनएच की एक तस्वीर साझा की, जो पोकेमोन कंपनी से प्रेरित डिजाइन से सजाया गया एक हवाई जहाज है। अपने ट्वीट में सुजुकी ने भारत के लिए पिकाचु जेट की



उद्घाटन उड़ान के बारे में अपना उत्साह व्यक्त किया। विमान की छवि पिकाचु को दर्शाती है, जो पोकेमोन फ़्रैंचाइज़ी का एक लोकप्रिय कैरेक्टर है। पिकाचु पोकेमॉन सीरिज के कॉर्टून में एक विशेष स्थान रखता है और दुनिया भर में व्यापक रूप से पहचाना जाता है। पूरा हवाई जहाज, अंदर और बाहर दोनों, पोकेमॉन की दुनिया में डूबा हुआ है। विमान के बाहरी हिस्से में पोकेमॉन रेखाज़ा की छवियां हैं। अंदर, 200 से अधिक सीटें उड़ने वाले पिकाचु डिजाइनों से ढकी हुई हैं। एंबेसडर के पोस्ट ने पोकेमॉन के प्रति उत्साही और अन्य सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं के बीच लोकप्रियता हासिल की है। पोस्ट को ट्विटर पर 75,000 से अधिक बार देखा गया और 2200 लाइक मिले, और कई भारतीय उपयोगकर्ताओं ने अपने पॉजिटिव कमेंट दिए हैं।

# पीएम मोदी की यात्रा से पहले वैदिक मंत्रों से गूंज उठा यूएस कैपिटल हिल

### अमेरिकी हिंदुओं के पास अगला राष्ट्रपति चुनने की ताकत

**वॉशिंगटन। (एजेंसी)।** वाशिंगटन (ईएमएस)। अमेरिका की सत्ता के केंद्र यूएस कैपिटल हिल में अमेरिका का पहला हिंदू-अमेरिकी सम्मेलन हुआ। सम्मेलन 14 जून को हुआ, जिसका मकसद अमेरिकी कानून निर्माताओं का ध्यान अमेरिका में रह रहे हिंदू समुदाय की समस्याओं की ओर आकर्षित करना था। सम्मेलन का नाम अमेरिकन फॉर हिंदू रखा गया। अमेरिकन फॉर हिंदू के संस्थापक और अध्यक्ष डॉ. रोमेश जापरा ने कहा कि यूएस कैपिटल हिल में पहली बार हिंदू-अमेरिकी शिखर सम्मेलन आयोजित हुआ। यह अब तक का पहला शिखर सम्मेलन है, इस हम राजनीतिक जुड़ाव के लिए आयोजित कर रहे हैं। हम भारतीयों ने हर क्षेत्र में काफी अच्छा काम किया है, लेकिन राजनीतिक रूप से हम काफी पीछे हैं। हमें लगता है कि हिंदू अमेरिकियों के साथ भेदभाव हो रहा है। इसकारण हमने सोचा कि सभी संगठनों को एक साथ लाना एक अच्छा विचार है।

जापरा ने बताया कि राजनीतिक भागीदारी के लिए हिंदू अमेरिकन कांफ्रेंस का आयोजन किया जा रहा है। हमारा समुदाय सांस्कृतिक, सामाजिक, आर्थिक, धार्मिक और अन्य सभी क्षेत्रों में सक्रिय है, लेकिन हम राजनीति में बहुत पीछे हैं। अमेरिकन फॉर हिंदू सम्मेलन का आयोजन अमेरिकन फॉर हिंदू पॉलिटिकल एक्शन कमेटी द्वारा 20 अन्य डायस्पोरा के साथ किया जाता है। इस सम्मेलन में फ्लोरिडा,



न्यूयॉर्क, बोस्टन, टेक्सास, शिकागो, कैलिफोर्निया आदि शहरों से लगभग 130 भारतीय अमेरिकी नेताओं के भाग लेने की बात कही गई।

जापरा ने कहा कि वह पीएम मोदी की आगामी अमेरिकी यात्रा को लेकर काफी उत्साहित हैं। पीएम मोदी में भारत को विश्व मानचित्र पर स्थापित करने की शक्ति है। वह बहुत कुछ करने में सक्षम है, और हम उससे प्रेरित होते हैं। कार्यक्रम की खास बात ये रही कि इसकी शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चार और प्रार्थना के साथ हुई। हिंदू अमेरिकन सम्मेलन का आयोजन अमेरिका में रहने वाले हिंदू समुदाय की दिक्कतों की ओर अमेरिका के कानून निर्माताओं का ध्यान आकर्षित करना था। इस मौके अमेरिकी सांसद रिचर्ड मैकोर्मिक ने कहा कि अमेरिकी हिंदुओं के पास अगला राष्ट्रपति चुनने की ताकत है। उन्होंने कहा कि मैं ये बात सिर्फ कह नहीं रहा हूं बल्कि मुझे लगता है कि आप लोगों में वहां क्षमता है।

## पार्टी गेट पर सांसदों को किया गुमराह, अब बोरिस जॉनसन को 90 दिन के निलंबन का सामना करना पड़ेगा

**लंदन (एजेंसी)।** ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने बीते हफ्ते संसद की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने अपने इस फैसले से पूरे देश को चौंका दिया। अब विशेषाधिकार समिति की एक लंबे समय से प्रतीक्षित रिपोर्ट में पाया गया है कि ब्रिटेन के पूर्व प्रधान मंत्री बोरिस जॉनसन ने जानबूझकर पार्टीगेट पर संसद को गुमराह किया और उनकी जांच कर रहे सांसदों को डराने के अभियान का हिस्सा थे। रिपोर्ट में यह भी उल्लेख किया गया है कि पूर्व पीएम को गुस्से में पद छोड़ने से पहले 90 दिनों के निलंबन का सामना करना पड़ा था। यह भी पाया गया कि उन्होंने जानबूझकर स्वयं समिति को गुमराह किया, पिछले शुक्रवार को अपने निष्कर्षों को लीक करके कॉमन्स नियमों का उल्लंघन किया और संसद की लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को कम करके आंका।

नतीजतन, यह सिफारिश की गई कि जॉनसन को पूर्व-सांसदों को पास दिए जाने से प्रतिबंधित किया जाए जो उन्हें वेस्टमिंस्टर एस्टेट तक विशेषाधिकार प्राप्त करने की अनुमति देता है। जॉनसन को शुरू में 20 दिनों के संसद से निलंबन का सामना करने का निर्णय लिया गया था। लेकिन समिति ने कहा कि पिछले शुक्रवार को डराने-धमकाने की उसकी गुमराह करने की कोशिशों से सजा 90 दिनों तक बढ़ा दी गई।

समिति के दो सांसदों एक लेबर और दूसरे एसएनपी ने जॉनसन को संसद से निष्कासित करने के लिए जोर दिया था। लेकिन अंतिम रिपोर्ट और मंजूरी पर सभी सात सदस्यों ने सर्वसम्मति से हस्ताक्षर किए। सरकार के उच्चतम स्तर पर मंत्रियों और अधिकारियों के आचरण के बारे में भ्रामक जानकारी देने के लिए, कोविड -19 महामारी द्वारा प्रतिनिधित्व किए गए गंभीर राष्ट्रीय आपातकाल के बीच, यह बहुत गंभीरता का विषय है।



## भारतीय-अमेरिकी सांसद थानेदार ने अमेरिकी कांग्रेस में 'हिंदू कॉकस' बनाने की योजना की घोषणा की



**वाशिंगटन (एजेंसी)।** भारतीय-अमेरिकी सांसद श्री थानेदार ने अमेरिकी कांग्रेस में एक 'हिंदू कॉकस' बनाने की योजना की घोषणा की है जो समान विचारधारा वाले सांसदों को एक मंच पर लाएगा ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि देश में हिंदुओं के खिलाफ कोई नफरत और कट्टरता न हो। मिशिगन के 13वें जिले का प्रतिनिधित्व करने वाले थानेदार ने बुधवार को कैपिटल विज़िटर सेंटर में पहले हिंदू-अमेरिकी शिखर सम्मेलन में यह घोषणा की। थानेदार ने कहा कि यह महत्वपूर्ण है कि हर एक व्यक्ति को धर्म चुनने और उन्हें उस भगवान की पूजा करने का अधिकार हो, जिसे वे बिना किसी दबाव के अपनाते हैं। साथ ही उन लोगों के प्रति कोई भेदभाव या नफरत न हो जो भगवान में विश्वास न करते हों।

थानेदार ने कहा, ''ये मौलिक स्वतंत्रताएं हैं। ये मौलिक मानवाधिकार हैं।'' जॉर्जिया के छठे जिले का प्रतिनिधित्व करने वाले रिपब्लिकन सांसद रिच मैककॉर्मिक ने इस सम्मेलन में अगस्त में द्विदलीय कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल के भारत जाने की घोषणा की। मैककॉर्मिक ने कहा, ''इस अप्रवासी आबादी के लिए मेरे मन में बहुत आदर है जिसने अमेरिका में इतना कुछ किया है।'' मैककॉर्मिक ने कहा कि उन्होंने बार-बार कहा है कि समुदाय जागरूक है और महसूस करता है कि उनके पास वास्तव में अमेरिका के अगले राष्ट्रपति का चयन करने की शक्ति है। उन्होंने कहा, ''मैं बस कहने के लिए यह नहीं कह रहा। आप के पास वास्तविक शक्ति है।'' 'अमेरिकन4हिंदूस' द्वारा आयोजित और 20 अन्य संगठनों द्वारा समर्थित शिखर सम्मेलन में देश भर के हिंदू समुदाय के नेताओं ने शिरकत की।

# ऑस्ट्रेलियाई संसद महिलाओं के लिए कतई सुरक्षित नहीं: लिडिया थोर्पे

### मुझे कई बार संसद के अंदर गलत तरीके से छुआ गया

**मेलबर्न (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया की एक महिला सांसद ने संसद के अंदर यौन उत्पीड़न का सनसनीखेज आरोप लगाया है। निर्दलीय महिला सांसद लिडिया थोर्पे ने कहा कि ऑस्ट्रेलियाई संसद महिलाओं के लिए कतई सुरक्षित नहीं है। अपने साथ हुए यौन उत्पीड़न को बताकर थोर्पे रो पड़ीं। उन्होंने कहा कि संसद में उनके खिलाफ अश्लील कॉमेंट होते हैं, उन्हें घेरने की कोशिश की गई, गलत तरीके से छुआ गया और प्रभावशाली पुरुषों ने उनके साथ बदतमीजी की।

दरअसल इसके पहले लिडिया ने आरोप लगाया था कि उनके साथी सांसद डेविड वान ने उनके साथ यौन उत्पीडन किया। हालांकि बाद में उन्हें संसद के प्रतिबंधों के डर से अपना बयान वापस लेना पड़ा था। गुरुवार को



थोर्पे ने डेविड वान के खिलाफ अपने मुख्य आरोपों को दोहराया था। डेविड कंजरवेटिव लिबरल पार्टी के सांसद हैं और उन्होंने थोर्पे के आरोपों का पूरी तरह से खंडन किया है। उन्होंने कहा कि इस आरोप से वह बहुत दुखी हैं। इस आरोप के बाद लिबरल पार्टी ने वान को सस्पेंड कर दिया है।

थोर्पे ने बताया कि वान मामले को लेकर कानूनी जानकारों से बात कर रहे हैं, इसके बाद उन्हें अपना मामला फिर से रखना पड़ा है। उन्होंने कहा, मेरा कई बार पीछा किया गया और गलत तरीके से संसद के परिसर के अंदर छुआ गया। मैं अपना कार्यालय छोड़ते हुए डरती थी। ऑफिस से बाहर निकलते समय मैं बहुत ही सतर्कतापूर्वक दरवाजा खोलकर देखती थी कि कोई है तो नहीं। उन्होंने कहा कि कई बार तब उन्?हें दूसरे की मदद से संसद से निकलना पड़ा।

इसके पहले साल 2021 में ऑस्?ट्रेलिया की राजनीति में उस समय भूचाल आ गया था जब संसद के अंदर सेक्स कांड का खुलासा हुआ था। तब ब्रिटनी हिगिंस ने आरोप लगाया था कि उनके साथी कंजरवेटिव स्टाफर ने कैबिनेट मंत्री के कार्यालय में उनका रेप हुआ था। उन्होंने कहा कि यह घटना मार्च 2019 की थी। इसके बाद इस पूरे मामले की 5 अलग-अलग जांच हुई थी। इस जांच में खुलासा हुआ कि यौन उत्पीड़न और परेशान करना ऑस्ट्रेलियाई संसद में सामान्य बात है।

# चक्रवाती तूफान बिपोरजॉय सतर्क पाकिस्तान, हजारों लोगों को सुरक्षित स्थान पहुंचाया

**कराची (एजेंसी)।** चक्रवाती तूफान बिपोरजॉय गुरुवार को पाकिस्तान और भारत में दस्तक देने वाला है, इसके बाद सिंध प्रांत के अधिकारी इससे निपटने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। इस कड़ी में हजारों लोगों को सुरक्षित इलाकों में पहुंचाया जा रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान मौसम विज्ञान विभाग (पीएमडी) की सलाह से पता चलता है कि बिपोरजॉय पिछले छह घंटों के दौरान उत्तर-पूर्व की ओर बढ़ गया है। बुधवार देर रात, चक्रवात कराची से लगभग 310 किमी दक्षिण में, थाटा से 300 किमी दक्षिण पश्चिम में और केटी बंदर से 240 किमी दक्षिण पश्चिम में स्थित था।

जमीन से टकराने के बाद चक्रवात की ताकत कम होने की संभावना है, लेकिन पीएमडी ने मछुआरों को शनिवार तक खुले समुद्र में नहीं जाने को कहा है। जलवायु परिवर्तन मंत्री शेरी रहमान ने चेतावनी दी कि आंधी और तूफान दोनों आने की संभावना है, जिससे काफी नुकसान हो सकता है। उन्होंने लोगों से समुद्र तट पर जाने से बचने का आग्रह किया और अधिकारियों से सहयोग करने का आह्वान किया है।

मंत्री ने बताया कि लोगों के लिए 75 राहत शिविर स्थापित किए गए हैं, उनमें से अधिकांश स्कूल और कॉलेजों जैसे छत वाले स्थान हैं। सिंध के सबसे गरीब शहरों में से एक, केटी बंदर को चक्रवात का खामियाजा भुगतना पड़ सकता है और आधिकारिक तौर पर इस पूरी तरह से खाली करा लिया गया है। थट्टा और सुजावल में कई निचली बस्तियां, जिनमें से अधिकांश को पहले ही खाली कर दिया गया था, वहां बाढ़ देखी गई।

सिंध मुख्यमंत्री हाउस के अनुसार, 67,367 लोगों को तीन जिलों थट्टा, सुजावल और बादिन से निकाला गया है, जहां 39 राहत शिविर स्थापित किए गए हैं। इस बीच, सेना ने बचाव और राहत अभियान जारी रखा है और तटीय इलाकों से बड़ी संख्या में लोगों को निकाला जा रहा है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार 82 प्रतिशत से अधिक आबादी को सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित कर दिया गया है। थट्टा में नौ और सुजावल और बादिन में 14 राहत शिविर बनाए गए हैं। अगले 72 घंटे तक सैनिक हाई अलर्ट पर हैं और लोगों को निकालने की प्रक्रिया आज रात पूरी हो जाएगी



Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

## दिल्ली में उपजा बड़ा जल संकट, राष्ट्रपति भवन भी रहेगा प्रभावित

**-नेहर की बाउंड्री में आई दरार के चलते 30 लाख लोगों होगी पानी की किल्लत**

नई दिल्ली। दिल्ली में इस समय पानी की भारी किल्लत होने जा रही है, यहां तक कि राष्ट्रपति भवन भी इससे अछूता नहीं रहेगा। ताजा जानकारी के अनुसार यहां की एक बड़ी आबादी को अगले दो-तीन दिन पानी की किल्लत झेलनी पड़ सकती है। नई दिल्ली, उत्तर और पश्चिमी दिल्ली के कुछ हिस्सों में रहने वाले लगभग 30 लाख लोगों को लो प्रेशर पर पानी मिल सकता है। इसकी वजह है सोनीपत स्थित बड़वासनी गांव के पास मुनक नहर का करियर लाइन चैनल का (सीएलसी) क्षतिग्रस्त होना। इसके जरिए दिल्ली को पानी आपूर्ति होती है। वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह लाइन दिल्ली हरियाणा सीमा से 20 किलोमीटर अपस्ट्रीम पर है। बताया जा रहा है कि नहर एक प्रमुख चैनल है जो यमुना के पानी को हरियाणा से दिल्ली तक लाता है। इससे सीधे दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) के दो जल उपचार संयंत्र -बवाना और हैदरपुर को भी पानी मिलता है। अधिकारियों ने कहा कि नहर के पानी का इस्तेमाल नांगलोई और द्वारका संयंत्रों को आंशिक रूप से चलाने के लिए भी किया जाता है। यहां सोमवार सुबह बाउंड्री टूटने की सूचना मिली थी, और अधिकारियों को अभी तक इसके कारणों का पता नहीं चल पाया है। इधर दिल्ली जल बोर्ड ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि नई दिल्ली में कई महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों जैसे राष्ट्रपति भवन, सुप्रीम कोर्ट, दिल्ली हाई कोर्ट और विभिन्न देशों के दूतावासों और उत्तरी और पश्चिमी दिल्ली में कई आवासीय क्षेत्रों में पानी की आपूर्ति तब तक प्रभावित रहेगी, जब तक बाउंड्री में आई दरार की मरम्मत नहीं हो जाती। डीजेबी ने कहा कि पीतमपुरा, शालीमार बाग, सरस्वती विहार, पश्चिम विहार, राजा गार्डन, ज्वाला हेड़ी, रमेश नगर के निवासियों को भी पानी की कमी का सामना करना पड़ सकता है। जल मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि सीएलसी और दिल्ली उप शाखा नहरें हैदरपुर, बवाना, नांगलोई और द्वारका में उपचार संयंत्रों को रॉ पानी की आपूर्ति करती हैं। डीजेबी अन्य स्रोतों से पानी को मोड़कर आपूर्ति को युक्तिसंगत बनाने की कोशिश कर रहा है। लेकिन भीषण गर्मी के कारण, सीएलसी नहर में आए व्यवधान से दिल्ली की बड़ी आबादी को असुविधा होगी। हालां ?कि नहर को जल्द से जल्द ठीक करने के लिए युद्धस्तर पर हरियाणा सरकार और राज्य के सिंचाई विभाग से बात की जा रही है। हरियाणा सिंचाई विभाग के अनुसार नहर की मरम्मत में करीब 48 से 72 घंटे का समय लगेगा। दिल्ली के आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार, दिल्ली को यमुना से 40 I8 प्रतिशत, गंगा से 26 I5 प्रतिशत और भाखड़ा स्टोरेज से 23 I1 प्रतिशत पानी मिलता है। शेष 9 I6 फीसदी ट्यूबवेलों और रैनीवेलों के जरिए भूजल से प्राप्त होता है। बाउंड्री में आई दरार के कारण हरियाणा से दिल्ली को लगभग 20 फीसदी जल आपूर्ति में कमी हुई है।

## केजरीवाल सरकारी विमान में उड़ने के लिए भगवंत मान को रखते हैं साथ

नयी दिल्ली। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधा है। वित्त मंत्री ने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अपने पंजाब समकक्ष भगवंत मान को देश भर में यात्रा के दौरान अपने साथ रखते हैं ताकि वह मान के सरकारी विमान में उड़ान भर सकें। दिल्ली भाजपा द्वारा अपने पहुंच अभियान के तहत आयोजित सर्व समाज सम्मेलन को संबोधित करते हुए सीतारमण ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा है और आने वाले वर्षों में भी रहेगा। निर्मला सीतारमण ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधते हुए कहा कि वह पंजाब के भगवंत मान को अपने साथ रखते हैं, ताकि वह सरकारी विमान का इस्तेमाल कर सकें। दिल्ली भाजपा के सर्व समाज सम्मेलन को संबोधित करते हुए सीतारमण ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था वाले देश के रूप में उभरा है। केंद्रीय मंत्री ने केजरीवाल पर तीखा हमला करते हुए उन पर गरीबों के कल्याण में लगने वाले पैसे का इस्तेमाल कर खुद के लिए शीश महल बनवाने का भी आरोप लगाया। केजरीवाल के आधिकारिक आवास के नवीनीकरण में अनियमितता का आरोप लगाते हुए भाजपा केजरीवाल को घेरने की कोशिश कर रही है। केजरीवाल सरकार या आम आदमी पार्टी (आप) की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं मिल सकी है।

## हिंसा पर उतारू भीड़ ने मंत्री नेमचा किपगेन के घर में लगाई आग

इम्फाल। हिंसा प्रभावित मणिपुर में लगातार कुछ न कुछ अप्रिय घटना हो रही है। अभी हाल ही में खामेनलोक इलाके के एक गांव में संदिग्ध उपद्रवियों के हमले में कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि उपद्रवियों ने पश्चिमी इम्फाल के लाम्फेल में स्थित मणिपुर के मंत्री नेमचा किपगेन के घर में आग लगाई है। इसके साथ ही, अत्याधुनिक हथियारों से लैस उपद्रवियों ने रात करीब एक बजे इंफाल पूर्वी जिले और कांगपोकी जिले की सीमा से लगे खामेनलोक इलाके के कुकी गांव को घेर लिया और हमला कर दिया। इसके चलते हुई मुठभेड़ में दोनों पक्षों के लोग हताहत व घायल हुए हैं। तीन व्यक्ति लापता भी बताये जा रहे हैं। यह क्षेत्र मेइती-बहुल इंफाल ईस्ट जिला और आदिवासी बहुल कांगपोकपी जिले की सीमाओं से लगा हुआ है। इस बीच, इंफाल ईस्ट और इंफाल वेस्ट में जिला प्रशासन ने कर्फ्यू में ढील की दिये जाने की अवधि को घटाते हुए, उसे सुबह पांच बजे से शाम छह बजे की बजाय सुबह पांच से सुबह नौ बजे तक कर दिया है। मणिपुर के हिंसा प्रभावित 16 जिलों में से 11 में अब भी कर्फ्यू लगा हुआ है, जबकि पूरे राज्य में इंटरनेट सेवाएं निलंबित हैं। मणिपुर में, मेइती और कुकी समुदाय के लोगों के बीच करीब एक महीने पहले भड़की जातीय हिंसा में कम से कम 100 लोगों की मौत हो चुकी है और 310 अन्य घायल हुए हैं। राज्य में शांति बहाल करने के लिए सेना और अर्धसैनिक बलों के जवानों को तैनात किया गया है। गौरतलब है कि मणिपुर में अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा देने की मेइती समुदाय की मांग के विरोध में पर्वतीय जिलों में आदिवासी एकजुटता मार्च के आयोजन के बाद पहली झड़प तीन मई को हुई थी।

## निर्माणाधीन पुल के दो बार गिरने का मामला : पटना हाईकोर्ट ने नीतिश सरकार से रिपोर्ट मांगी

पटना। बिहार के अगुआनी घाट -सुल्तानगंज निर्माणाधीन पुल के दो बार गिर जाने का मामला तूल पकड़ रहा है। सत्ताधारी महागठबंधन में शामिल कांग्रेस के नेता मामले की निष्पक्ष जांच चाहते है। इस बीच, कांग्रेस नेता ललन कुमार द्वारा दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए पटना उच्च न्यायालय ने सरकार से रिपोर्ट मांगी है तथा निर्माण करा रही कंपनी एसपी सिंगला के एमडी को तलब किया है। पिछले विधानसभा चुनाव में सुल्तानगंज विधानसभा से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ चुके ललन कुमार ने अपनी जनहित याचिका में पूरे मामले की जांच हाईकोर्ट के जज से करने की गुहार लगाई। याचिका में कहा गया कि इस पर 1710 करोड़ रुपए की लागत आने का अनुमान था, पुल को 2019 में ही पूरा ही जाना था। लेकिन घटिया सामग्री के इस्तेमाल से यह पुल दो बार गिर चुका है। पटना उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति पूर्णेंदु सिंह की पीठ ने जनहित याचिका (पीआईएल) पर सुनवाई करते हुए पुल के निर्माण फर्म, मेसर्स एस.पी. सिंगला कंस्ट्रक्शन प्रा. लिमिटेड के प्रबंध निदेशक को अपनी विशेषज्ञ टीम के साथ 21 जून को अदालत में उपस्थित रहने का निर्देश दिया है। अदालत ने सरकार से अनुमोदित पुल के डिजाइन रिपोर्ट भी मांगी है। अदालत ने पुल गिरने के मामले में सरकार द्वारा अधिकारियों और निर्माण एजेंसियों के खिलाफ की गई कारवाई की रिपोर्ट भी मांगी है। उल्लेखनीय है कि विपक्ष भी इस मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग कर रहा है।

## यौन अपराध के मामलों में दखल देने से बचे हाईकोर्ट : इलाहाबाद हाईकोर्ट

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि उच्च न्यायालय को आम तौर पर केवल समझौते के आधार पर महिलाओं और बच्चों के खिलाफ यौन अपराध से जुड़ी आपराधिक कार्यवाही में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए, हालांकि यह पूरी तरह से प्रतिबंधित नहीं है। इसतरह के मामलों में, सीआरपीसी की धारा 482 के तहत निहित शक्ति का प्रयोग किया जा सकता है। अदालत ने कहा कि इसतरह के मामलों में, कुछ शर्तों को ध्यान में रखते हुए समझौते के लिए उपयुक्त मामलों की पहचान करने के लिए एक अलग दृष्टिकोण अपनाया जाना चाहिए। न्यायमूर्ति अरुण कुमार सिंह देशवाल ने इन टिप्पणियों को करते हुए बरेली जिला अदालत के समक्ष आवेदक फकरे आलम के खिलाफ बलात्कार और पॉक्सो अधिनियम के तहत आपराधिक कार्यवाही को रद्द कर दिया।

# कांग्रेस अध्यक्ष खरगे का आरोप, मणिपुर में डबल इंजन की सरकार शांति और सुरक्षा बहाल क्यों नहीं कर पा रही



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस ने पूर्वोत्तर भारत के बारे में केंद्र की मोदी सरकार के बेशर्म होकर ढोल पीटने पर सवाल उठाकर हिंसा प्रभावित मणिपुर में ताजा हत्याओं को लेकर फिर केंद्र सरकार पर निशाना साधा। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री मोदी पर कटाक्ष करते हुए ट्वीट किया, मणिपुर हिंसा में बुधवार को नौ लोगों की जान चली गई। इतना ही नहीं भारत के एक खूबसूरत सीमावर्ती राज्य को उग्र आग के एक अंतहीन सर्पिल में गिरा दिया गया है। उन्होंने कहा कि यह अकल्पनीय है कि असम राइफल्स के सैनिक, जो भारतीय सेना के अधीन हैं, फंसे रह गए हैं और उन्हें सेना के हेलीकॉप्टरों द्वारा राशन की आपूर्ति करनी पड़ी है और राष्ट्रीय राजमार्ग-2 की नाकाबंदी के कारण रसद की भारी कमी की चुनौतियों का सामना करना पड़ा है।

खड़गे ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री (अमित शाह) द्वारा घोषित उपाय बहुत कम और बहुत देर से आए और जमीन पर उतरने में विफल रहे। पीएम मोदी मूकदर्शक बने रहे। लेकिन, कांग्रेस पार्टी मोदी सरकार की अक्षमता पर सवाल उठाती रहेगी। कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने सवाल कर पूछा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार मणिपुर में शांति और सामान्य स्थिति बहाल करने में विफल क्यों रही है, उन्होंने पूछा कि क्या ऐसा इसलिए क्योंकि भाजपा अपने सस्ते राजनीतिक लाभ के लिए जातीय समूहों के बीच दरार को चौड़ा करना चाहती है?

उन्होंने खबरों का हवाला देकर कहा कि एनडीए के एनईडीए अध्यक्ष और असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा और आरएसएस के राष्ट्रीय कार्यकारी सदस्य ने मिलकर पिछले चुनाव में विद्रोही संगठनों की मदद ली थी, जो अब स्पष्ट हो रहा है। उन्होंने सवाल किया कि प्रधानमंत्री ने राजनीतिक समाधान के लिए सर्वदलीय बैठक क्यों नहीं बुलाई? खड़गे ने कहा, समय आ गया है कि मोदी सरकार मणिपुर के लोगों पर किए गए अपराधों की जिम्मेदारी ले और जवाबदेह बने।

इस बीच, कांग्रेस महासचिव और संचार प्रभारी जयराम रमेश ने कहा कि मणिपुर के लोगों की पीड़ा जारी है। उनकी पीड़ा देश की पीड़ा है, लेकिन पीएम स्पष्ट रूप से इस पर कुछ नहीं बोलते, वह चुप्पी साधे हुए हैं। एचएम की काफी देर से दौरा और सीएम सरमा के बाहरी हस्तक्षेप का कोई खास प्रभाव नहीं पड़ रहा है। कांग्रेस नेताओं के ये बयान मणिपुर के खमेलोक गांव में संदिग्ध उग्रवादियों के हमले में कम से कम 11 लोगों के मारे जाने और महिलाओं सहित 23 अन्य के घायल होने के बाद आए हैं। दो लोगों ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मणिपुर ने 3 मई से विनाशकारी जातीय हिंसा देखी है, जिसमें 120 से अधिक लोग मारे गए और 350 से अधिक घायल हुए, इसके अलावा हजारों घरों, बड़ी संख्या में निजी और सरकारी वाहनों और संपत्तियों को नष्ट कर दिया।

## बसपा ने शुरु की चुनावी तैयारी, आकाश आनंद को सौंपी चार राज्यों की जिम्मेदारी

नई दिल्ली। बसपा सुप्रीमों मायावती ने चार राज्यों की चुनावी बागडौर आकाश आनंद को सौंपी है। गौरतलब है कि मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान और तेलंगाना में इसी साल चुनाव होने जा रहे हैं। अब विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक पार्टियां एक्टिव मोड में आती दिख रही हैं। एक तरफ जहां भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) और कांग्रेस ने चुनाव को लेकर जनता के बीच पहुंचना शुरू कर दिया है। वहीं दूसरी तरफ मायावती की बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने भी चुनावी तैयारी शुरू कर दी है। बसपा ने इन राज्यों के चुनाव में मायावती के भतीजे आकाश आनंद को बड़ी जिम्मेदारी दी है। आकाश आनंद को बसपा ने चुनावी राज्यों की जिम्मेदारी सौंपी है। आकाश ने चुनावी राज्यों की जिम्मेदारी मिलने के बाद ट्वीट कर एक तरह से ये संकेत दे दिए हैं कि उनकी रणनीति दलित-आदिवासी और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को हाथी के साथ लाने की होगी। जानकारी बताते हैं कि आकाश आनंद में मायावती के राजनीतिक वारिस की छवि देखी जाती है। ऐसे में उनको चार चुनावी राज्यों की जिम्मेदारी मिलना नहीं चौंकाता है, लेकिन सियासी गलियारों में इस बात को लेकर चर्चा जरूर शुरू हो गई है कि क्या आकाश आनंद चार ऐसे राज्यों की जिम्मेदारी के साथ न्याय कर पाएंगे जहां एक ही साथ विधानसभा चुनाव होने हैं। हालांकि बसपा से हुड़े लोग आकाश की सांगठनिक क्षमता और नेतृत्व पर भरोसा व्यक्त कर रहे हैं, चमत्कार की आस व्यक्त कर रहे हैं तो वहीं सियासत के जानकारों की राय कुछ और ही है। आकाश आनंद के सियासी सफर बारे में कहा जा रहा है कि वो साल 2017 में राजनीति में आए। मायावती ने 2017 में एक बड़ी रैली कर आकाश आनंद को राजनीति में लॉन्च किया था। यूपी में आकाश की लॉन्चिंग के बाद बसपा लगातार कमजोर ही हुई है। 2017, 2019 में पार्टी को बड़ी हार मिली तो वहीं 2022 के यूपी चुनाव में तो बसपा महज एक सीट पर सिमट गई।

# अपनी विफलताओं को छुपाने यूसीसी को लेकर नया नाटक कर रही मोदी सरकार : कांग्रेस



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस ने समान नागरिक संहिता (यूसीसी) पर केंद्र सरकार पर हमलावार हैं। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि विधि आयोग द्वारा समान नागरिक संहिता को लेकर उठाया गया नया कदम यह दर्शाता है कि मोदी सरकार अपनी विफलताओं से ध्यान भटकाने और ध्रुवीकरण के अपने एजेंडे को वैधानिक रूप से जायज ठहराने के लिए आतुर है। कांग्रेस पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि विधि आयोग को अपनी विरासत का ध्यान रखना चाहिए और यह याद रखना चाहिए कि देश के हित भारतीय जनता पार्टी की राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं से अलग होते हैं।

उल्लेखनीय है कि विधि आयोग ने कहा कि आयोग ने राजनीतिक रूप से संवेदनशील मुद्दा 'समान नागरिक संहिता (यूसीसी) पर लोगों और मान्यता प्राप्त धार्मिक संगठनों के सदस्यों सहित विभिन्न हितधारकों के विचार आमंत्रित कर नए सिरे से परामर्श की प्रक्रिया शुरू कर दी। इसके पहले, 21वें विधि आयोग ने मुद्दे की पड़ताल की थी और समान नागरिक संहिता पर दो मौकों पर सभी हितधारकों के विचार मांगे थे। उसका कार्यकाल अगस्त 2018 में समाप्त हो गया था।

रमेश ने कहा, यह बात अजीबोगरीब है कि विधि आयोग नए सिरे से राय ले रहा है, जबकि आयोग ने अपनी विज्ञप्ति में खुद स्वीकार किया है कि उसके पहले के विधि आयोग ने इस विषय पर अगस्त 2018 में परामर्श पत्र प्रकाशित किया था। उन्होंने दावा किया कि इसका कोई कारण नहीं दिया गया कि इस विषय पर अब विचार क्यों हो रहा है। रमेश ने कहा कि विधि आयोग ने इस विषय की विस्तृत और समग्र समीक्षा करने के बाद कहा था कि फिलहाल न समान नागरिक संहिता की जरूरत है और ना ही यह वांछित है। उन्होंने आरोप लगाया, ''यह ताजा प्रयास बताता है कि मोदी सरकार अपनी विफलताओं से ध्यान भटकाने और ध्रुवीकरण के अपने एजेंडे को वैधानिक रूप से सही ठहराने के लिए व्याकुल है। कांग्रेस महासचिव ने कहा, विधि आयोग ने दशकों से राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों पर बहुत सारे काम किए हैं।

## रुसी हमलों से परेशान यूक्रेन ने पीएम मोदी से मांगी मदद

**–जी20 सम्मेलन से पहले फोन पर शांति योजना के लिए मांगा समर्थन**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रूसी हमलों से परेशान यूक्रेन ने भारत से शांति बहाल करने के लिए मदद मांगी है। क्योंकि यूक्रेन को भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उम्मीद है कि वह दोनों देशों के बीच शांति ला सकते हैं। गौरतलब है कि बीते महीने जी-20 की बैठक के दौरान जेलेंस्की ने मुलाकात भी की थी। इसके बाद से उनकी उम्मीदें और बढ़ गई हैं। हाल ही में उनके सहयोगी एंड्री यरमक ने भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल से बात की है और शांति वार्ता में मध्यस्थता की अपील की है। यरमक ने जुलाई में प्रस्तावित वैश्विक शांति शिखर सम्मेलन को लेकर चर्चा की। साथ ही कहा कि यूक्रेन चाहता है कि पीएम मोदी भी इसमें भाग लें। यूक्रेन के अनुसार, यरमक ने इस आयोजन में ग्लोबल साउथ सहित देशों की व्यापक संभव सीमा को शामिल करने की आवश्यकता पर जोर दिया है। जेलेंस्की ने अपनी शांति योजना के लिए मोदी से समर्थन मांगा है। राष्ट्रपति कार्यालय ने एक बयान में कहा है कि बातचीत का मुख्य विषय यूक्रेनी शांति सूत्र को लागू करना था। जी20 सम्मेलन से पहले पिछले साल पीएम मोदी और जेलेंस्की ने फोन पर भी चर्चा की थी। भारत ने कहा कि वार्ता और कूटनीति के जरिए ही इस विवाद का हल निकाला जा सकता है और दुनिया के देशों के बीच जारी लड़ाई को रेका जा सकता है।।

उधर रूस की सेना ने दक्षिणी यूक्रेनी शहर ओदेसा में रात भर मिसाइलें दागीं। इस हमले में कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई तथा दर्जन भर से अधिक लोग घायल हुए हैं। स्थानीय प्रशासन ने बताया ?कि हमलों से कई मकानों, दुकानों और एक गोदाम को नुकसान पहुंचा है। क्षेत्रीय प्रशासन ने फेसबुक पर बताया कि काला सागर से किए गए हमलों में समुद्र से दागी गई चार कलिब्र क्रूज मिसाइलें शामिल थीं, जिनमें से तीन को हवाई सुरक्षा प्रणाली द्वारा बीच में ही रोक दिया गया। क्षेत्रीय प्रशासन के अनुसार, हमले में खाद्य सामग्री के एक गोदाम के तीन कर्मचारी मारे गए और सात अन्य घायल हो गए। बचाव कर्मी अब भी मलबे के नीचे बचे हुए लोगों की तलाश कर रहे हैं। मकानों में रहने वाले पांच लोग और एक सुरक्षा कर्मी भी हमले में घायल हो गया। यूक्रेन के प्रवक्ता एंद्री कोवालोव ने बताया कि रूसी सेना ने यूक्रेन पर मिसाइल और हवाई हमले बढ़ा दिए हैं। संवाददाता सम्मेलन में कहा कि ओदेसा क्षेत्र के अलावा खारकीव, दोनेत्स्क, किरोवोह्राद में हमले किए गए।

## चक्रवाती बिपरजॉय ने बिगाड़ा मॉनसून का गणित, अब 18 तक बरसेगा पानी

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** इस साल चक्रवातती तूफान बिपरजॉय ने मॉनसून का पूरा गणित ही बिगाड़ दिया है। जहां चार जून को केरल में सक्रिय होने वाला मानसून अभी तक नहीं पहुंच पाया है। वहीं अब शायद 18 तक देश के पर्वी हिस्सों को कवर कर सकता है। आईएमडी के अनुसार दक्षिण-पश्चिम मॉनसून 11 जून के बाद से ज्यादा आगे नहीं बढ़ा है और इसके 18 जून से ही फिर से गति पकड़ने की संभावना है। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी। केरल में शुरुआती देरी के बाद दक्षिण-पश्चिमी मॉनसून रविवार से दक्षिणी प्रायद्वीप और देश के पूर्वी हिस्सों में आगे बढ़ने वाला है। आईएमडी के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने कहा कि चक्रवात 'बिपरजॉय' का मॉनसून के आगे बढ़ने और मौसमी वर्षा प्रणाली की प्रगति पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। यदि चक्रवात बिपारजॉय ओमान की तरफ उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ता, तो इससे मॉनसून का प्रवाह प्रभावित होता। चक्रवात ने भूमध्यरेखीय प्रवाह को मजबूत करके मॉनसून की प्रगति में मदद की है क्योंकि यह दक्षिण-पूर्वी अरब सागर के ऊपर बना हुआ है। 18 से 21 जून के बीच दक्षिणी प्रायद्वीप के कुछ और हिस्सों तथा पूर्वी भारत और आसपास के क्षेत्रों में दक्षिण-पश्चिमी मॉनसून के आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल हो रही हैं।

पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के पूर्व सचिव एम. राजीवन ने कहा कि उम्मीद है कि जून के अंतिम सप्ताह तक मॉनसून फिर से अपनी राह पकड़ लेगा। उस वक्त तक मध्य और उत्तर पश्चिमी भारत में पर्याप्त बारिश नहीं हो सकती। किसानों को इस देरी के बारे में सूचित किया जाना चाहिए और सलाह दी जानी चाहिए कि इस दौरान उन्हें किस रणनीति का पालन करना चाहिए।' मॉनसून आमतौर पर 15 जून तक पूरे मध्य भारत को कवर कर लेता है। वहीं स्काईमेट वेदर में जलवायु और मौसम विज्ञान के उपाध्यक्ष महेश पलावत ने कहा ?कि हम मॉनसून में कोई प्रगति नहीं देख रहे हैं। तीन से चार दिनों में प्रायद्वीपीय भारत में बारिश के साथ फिर से मॉनसून शुरू हो सकता है। 20-21 जून तक, हम मॉनसून के पूर्वी उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल तक पहुंचने की उम्मीद कर रहे हैं।

## बाल-बाल बचे नीतीश कुमार, सुरक्षा में बड़ी चूक, घेरा तोड़कर घुसा बाइक सवार

**पटना (एजेंसी)।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सुरक्षा में चूक का मामला सामने आया है। गुरुवार सुबह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपने आवास एक अणे मार्ग के पास ही सुबह मॉर्निंग वॉक कर रहे थे, उसी दौरान एक लहरिया कट बाइक चालक सुरक्षा घेरे में घुस गया, लेकिन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बाल-बाल बच गए। युवक को पुलिस ने पकड़ लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, नीतीश कुमार मॉर्निंग वॉक के लिए मुख्यमंत्री आवास के पास टहल रहे थे, तभी उनके सुरक्षा घेरे में लहरिया कट बाइकर्स घुस गए। इसके बाद रोकने पर बाइकर्स भागने लगे। जिसेक बाद सुरक्षाकर्मियों ने बाइक सवारों को पकड़ लिया। हालांकि युवक के बारे में अभी कोई जानकारी नहीं आई है। बता दें कि यह पहला मौका नहीं है, जब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सुरक्षा में चूक हुई हो। पूर्व में पटना के बख्तियारपुर में एक कार्यक्रम के दौरान भी एक युवक ने नीतीश कुमार को मुक्का जड़ दिया था।

**- एसएसजी के हाथ पांव फूले**

घटना के बाद एसएसपी और एसएसजी की तत्काल हाई लेवल मीटिंग बुलाई गई। घटना के बाद मुख्यमंत्री की सुरक्षा पर एक बार फिर से सवाल उठ खड़े हुए है। तत्काल एसएसजी के कमांडेंट और अधिकारियों को बुलाया गया है और मुख्यमंत्री आवास पर पटना के एसएसपी भी पहुंचे हैं।

# निष्क्रिय नेताओं तवज्जो देने से नाना पटोले की कुर्सी खतरे में

**- अब महाराष्ट्र कांग्रेस में बड़े फेरबदल के आसार**

**- महाराष्ट्र प्रभारी के बदलते ही बदल जाएगी कार्यकारिणी**



**मुंबई, (एजेंसी)।** महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले द्वारा निष्क्रिय नेताओं को तवज्जो देने से उनकी कुर्सी खतरे में बताई जा रही है. मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष बदले जाने के बाद अब महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष बदले जाने की चर्चा हैं. दरअसल नाना पटोले पार्टी के भीतर चल रही गुटबाजी को रोकने में पूरी तरह से नाकाम साबित हुए हैं. खासकर निष्क्रिय नेताओं को तवज्जो देने से संगठन दोनों-दिन कमजोर होती जा रही है. सूत्रों की मानें तो पार्टी आलाकमान लोकसभा तथा विधानसभा के चुनावों की तैयारियों को ध्यान में रखते हुए जल्द ही नाना पटोले को महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष पद से हटा सकती है और किसी दूसरे को प्रदेशाध्यक्ष बनाया जा सकता है. जिस तरह मुंबई महानगरपालिका चुनाव से पहले ही भाई जगताप को हटा कर वर्षा गायकवाड को मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष बनाया गया, उसी तरह कांग्रेस की राज्य कार्यकारिणी में भारी उलटफेर की संभावना जताई जा रही है. पिछले नौ सालों में कांग्रेस राज्य में लगातार पिछड़ती चली गई है. 2014 से पहले कांग्रेस राज्य की एक नंबर की पार्टी थी. 2019 में यह चौथे नंबर की पार्टी बन गई. लोकसभा में किसी तरह एक सांसद जीत सके. पिछले कुछ सालों में पार्टी को आगे बढ़ाने की कोई कोशिश होती हुई भी नजर नहीं आ रही है. पार्टी में लगातार अंदरुनी कलह और मतभेद हावी होते चले गए हैं. निष्क्रिय नेता लगातार पार्टी में हावी रहे हैं और प्रदेश अध्यक्ष के नाते नाना पटोले उन पर अंकुश लगाने के बजाय उन्हें तवज्जो दे रहे हैं. इस वजह से एक बार फिर पार्टी में जान फूंकने के लिए और संगठन को मजबूत करने के लिए कांग्रेस की कार्यकारिणी में फेरबदल किए जाने की संभावना है. फिलहाल नाना पटोले के काम करने के तरीकों को लेकर कई वरिष्ठ नेताओं ने आलाकमान के सामने अपनी नाराजगी दर्ज करवाई है. वो फिर पार्टी से छह साल के लिए बाहर किए गए आशिष देशमुख हों या फिर उनसे पहले वरिष्ठ नेता बालासाहेब थोरात या फिर उनसे भी पहले सचिन सावंत, ये सब के सब नाना से नाना प्रकार से नाराज होते रहे हैं. ये बातें भी नाना पटोले के खिलाफ जा सकती हैं. हालांकि नाना पटोले ने दावा किया है कि वे प्रदेश अध्यक्ष पद पर कायम रहने वाले हैं.

# लेह में सेना के अधिकारियों की बैठक, सीमा से लगे सेक्टर में फोर्स की तैयारियों पर चर्चा

**– गलवान झड़प के तीन साल बाद जानें आज कैसे हैं वहां के हालात?**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर तैनात शीर्ष सैन्य अधिकारी क्षेत्र में तैयारियों को और मजबूत करने के लिए परिचालन संबंधी चर्चा कर रहे हैं। यह बैठक गलवान घाटी संघर्ष की तीसरी वर्षगांठ पर आयोजित की जा रही है। 15 जून की रात को हुई झड़प में भारत ने चीनी सेना को भारी नुकसान पहुंचाते हुए अपने 20 सैनिकों को भी खो दिया था। कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी, 14 कॉर्प्स कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल रशीम बाली और वन स्ट्राइक कॉर्प्स कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल संजय मित्रा के साथ वहां तैनात अन्य फॉर्मेशन भी हैं। बैठक में चीन की सीमा से लगे सेक्टर में फोर्स की तैयारियों पर चर्चा होगी।

### चीनी सेना के 50,000 से अधिक सैनिकों की तैनाती

उत्तरी सेना कमान लद्दाख क्षेत्र का प्रभारी है और उसे मथुरा में मुख्यालय वाली वन स्ट्राइक कोर के रूप में एक नया गठन प्रदान किया गया है, जिसके तत्व देश के उत्तरी भागों में फैले हुए हैं। पूर्वी लद्दाख सेक्टर में अप्रैल-मई 2020 के चीनी आक्रमण के बाद सेना का पुनर्गठन सरकार और बलों द्वारा किया गया था। चीनी सेना के 50,000 से अधिक सैनिकों को 2020 के बाद से पूर्वी लद्दाख के विपरीत एलएसी पर तैनात किया गया है।

### चीन को काउंटर करने के लिए नई संरचनाओं पर जोर

भारत ने चीनियों द्वारा भविष्य में किसी भी संभावित आक्रमण को रोकने के लिए और इस तरह के किसी भी कदम को रोकने के लिए क्षेत्र में कई नई संरचनाओं को तैनात किया है। क्षेत्र में बुनियादी ढांचे के विकास में भी तेजी आई है और पूर्वी लद्दाख में उमलिंग ला दर्रे पर दुनिया की सबसे ऊंची मोटर योग्य सड़क बनाई गई है। सड़क ने उन अग्रिम स्थानों पर कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने में मदद की है जहां पिछले तीन वर्षों से भारतीय और चीनी सैनिक एक-दूसरे के विपरीत तैनात हैं।

### अब तक हो चुका है हाई लेवल मिलिट्री टॉक का 18 दौर



दोनों पक्षों के बीच हाई लेवल मिलिट्री टॉक का 18वां दौर 23 अप्रैल को हुआ था। जिसमें उन्होंने पूर्वी लद्दाख में लंबित मुद्दों का जल्द से जल्द परस्पर स्वीकार्य समाधान निकालने के लिए और काम करने तथा करीबी संपर्क में रहने पर सहमति जताई थी। भारत कहता रहा है कि चीन के साथ उसके संबंध तब तक सामान्य नहीं हो सकते जब तक सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति नहीं होती।

स्वामी, मुद्रक व् प्रकाशक : सुरेश मौर्या द्वारा अष्ट विनायक ओफ़्सेट एफपी,149 प्लोट 26 खोडीयारनगर,सिद्धिविनायक मंदीर के पास , (भाटेना) हो.सो अंजना सुरत गुजरात से मुद्रित एवं 191 महादेव नगर उधना सुरत गुजरात से प्रकाशित संपादक :सुरेश मौया (M) 9879141480 RNI No.:GUJHIN/2018/75100 (Subject to Surat jurisdiction)

# आधी रात तक जारी रहा साइक्लोन के लैंडफॉल का सिलसिला



# चक्रवात बिपरजॉय के कारण अहमदाबाद से गुजरने वाली ट्रेनें प्रभावित

**क्रांति समय,सूरत**
www.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com

पश्चिम रेलवे द्वारा गुजरात में ''बिपरजॉय'' चक्रवात के मद्देनजर सतर्कतावश चक्रवात संभावित क्षेत्रों में एहतियाती उपाय के रूप में कुछ ट्रेनों को आंशिक रूप से तथा कुछ ट्रेनों को पूर्णत: निरस्त करने का निर्णय लिया गया है। इसके अतिरिक्त पश्चिम रेलवे द्वारा अहमदाबाद मंडल के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले संभावित क्षेत्रों के ट्रेन यात्रियों के लिए विविध संरक्षा और सुरक्षा सावधानियां भी बरती जा रही हैं। प्रभावित होने वाली ट्रेनों का विवरण इस प्रकार है:-

**निरस्ता होने वाली ट्रेनें:**

१. १६ जून, २०२३ तक की ट्रेन संख्या् १९४०५ पालनपुर-गांधीधाम एक्सप्रेस

२. १६ जून, २०२३ तक की ट्रेन संख्याख १९४०६ गांधीधाम-पालनपुर एक्सप्रेस

३. १६ जून, २०२३ तक की ट्रेन संख्याख २०९२८ भुज-पालनपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस

४. १६ जून, २०२३ तक की ट्रेन संख्या २०९२७ पालनपुर-भुज सुपरफास्ट एक्सप्रेस

५. १६ जून, २०२३ तक की ट्रेन संख्याख २०९०८ भुज-दादर एक्सप्रेस

६. १६ जून, २०२३ तक की ट्रेन संख्याख २२९५६ भुज-बांद्रा टर्मिनस कच्छ एक्सप्रेस

७. १५ जून, २०२३ तक की ट्रेन संख्या २२९५७ अहमदाबाद-वेरावल एक्सदप्रेस

८. १६ जून, २०२३ तक की ट्रेन संख्याख १९१२० वेरावल-अहमदाबाद इंटरसिटी

९. १६ और १७ जून, २०२३ तक की ट्रेन संख्या१ ०४८४१ जोधपुर-भीलड़ी स्पेशल

१०. १६ और १७ जून, २०२३ तक की ट्रेन संख्याख ०४८४२ भीलड़ी-जोधपुर स्पेशल

११. १६ और १७ जून, २०२३ तक की ट्रेन संख्याख १४८९३ जोधपुर-पालनपुर एक्सप्रेस

१२. १६ और १७ जून, २०२३ तक की ट्रेन संख्याख १४८९४ पालनपुर-जोधपुर एक्सप्रेस

**शॉर्ट टर्मिनेट होने वाली ट्रेनें:** १. १५ जून, २०२३ की ट्रेन संख्या १४३११ बरेली-भुज एक्सप्रेस अहमदाबाद में शॉर्ट टर्मिनेट होगी। यह ट्रेन अहमदाबाद और भुज के बीच आंशिक रूप से निरस्त रहेगी।

२. १५ जून, २०२३ की ट्रेन संख्या १९२१७ बांद्रा टर्मिनस-वेरावल एक्सप्रेस राजकोट में शॉर्ट टर्मिनेट होगी। यह ट्रेन राजकोट और वेरावल के बीच आंशिक रूप से निरस्त रहेगी।

३. १५ जून, २०२३ तक की ट्रेन संख्या २२९४५ मुंबई सेंट्रल-ओखा सौराष्ट्र मेल राजकोट में शॉर्ट टर्मिनेट होगी। यह ट्रेन राजकोट और ओखा के बीच आंशिक रूप से निरस्त रहेगी।

शॉट ओरिजिनेट होने वाली ट्रेनें-

१. १६ जून २०२३ की ट्रेन संख्या् १४३१२ भुज-बरेली एक्सप्रेस भुज की बजाय अहमदाबाद से प्रस्थान करेगी और यह ट्रेन भुज एवं अहमदाबाद के बीच आंशिक रूप से निरस्त रहेगी।

२. १६ जून, २०२३ की ट्रेन संख्या१ ०९४५१ गांधीधाम-भागलपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस गांधीधाम की बजाय अहमदाबाद से प्रस्थान करेगी और यह ट्रेन गांधीधाम एवं अहमदाबाद के बीच आंशिक रूप से निरस्त् रहेगी।

३. १६ जून, २०२३ की ट्रेन संख्यार २२९९३ गांधीधाम-पुरी सुपरफास्ट एक्सप्रेस गांधीधाम की बजाय अहमदाबाद से प्रस्थान करेगी और यह ट्रेन गांधीधाम एवं अहमदाबाद के बीच आंशिक रूप से निरस्त् रहेगी।

४. १६ जून २०२३ की ट्रेन संख्या‍ १२९६६ भुज-बांद्रा टर्मिनस एक्सप्रेस भुज की बजाय अहमदाबाद से प्रस्थान करेगी और यह ट्रेन भुज एवं अहमदाबाद के बीच आंशिक रूप से निरस्तख रहेगी।

५. १६ जून, २०२३ तक की ट्रेन संख्या १९२१८ वेरावल-बांद्रा टर्मिनस एक्सप्रेस वेरावल की बजाय राजकोट से प्रस्थारन करेगी। यह ट्रेन वेरावल और राजकोट के बीच आंशिक रूप से निरस्त१ रहेगी।

६. १६ जून, २०२३ तक की ट्रेन संख्यार २२९४६ ओखा-मुंबई सेंट्रल सौराष्ट्र मेल की ओखा की बजाय राजकोट से प्रस्थाहन करेगी। यह ट्रेन ओखा और राजकोट के बीच आंशिक रूप से निरस्त१ रहेगी।

७. १६ जून, २०२३ तक की ट्रेन संख्यार १९५६५ ओखा-देहारादून एक्सप्रेस ओखा की बजाय हापा से प्रस्थालन करेगी। यह ट्रेन ओखा और हापा के बीच आंशिक रूप से निरस्तू रहेगी।

# गुजरात तट के करीब पहुंचा बिपरजॉय, भारी बारिश व आंधी-तूफान से मचेगी उथल-पुथल

**क्रांति समय,सूरत**
www.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com

जखौ, अब धीरे-धीरे चक्रवाती महातूफान बिपरजॉय गुजरात तट के ?बिलकुल करीब पहुंच गया है। बताया जा रहा है ?कि अब मात्र २ सौ मीटर से भी कम दूरी रह गई है। चक्रवात गुजरा से लेकर पाकिस्तान तक अपना असर दिखाने को बेताब है। आईएमडी के अधिकारियों ने बताया कि चक्रवात के बृहस्पतिवार शाम तक गुजरात तट से टकराने और क्षेत्र में तेज हवाओं के साथ भारी बारिश होने की आशंका के मद्देनजर संवेदनशील इलाकों से ७४,००० से अधिक लोगों को निकाला गया है। वहीं प्रशासन ने कच्छ जिले में समुद्र तट से शून्य से १० किलोमीटर के बीच स्थित लगभग १२० गांवों के लोगों को सुरक्षित जगहों पर स्थानांतरित किया है। एक पूर्वानुमान के मुताबिक, आज शाम ४ से ५ बजे के बीच चक्रवात भयंकर लैंडफॉल करेगा। तूफानी हवाएं चलने के कारण फिलहाल, साइक्लोन की गति इस वक्त करीब ७ किलोमीटर प्रति घंटा है,। भारत मौसम विज्ञान विभाग आईएमडी के अनुसार, बिपरजॉय के अधिकतम १५० किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली हवाओं के साथ



एक 'बहुत गंभीर चक्रवाती तूफान के रूप में जखौ बंदरगाह के पास टकराने का अनुमान है कि इस शक्तिशाली तूफान के गुजरात तट के पास पहुंचने के साथ ही कच्छ, देवभूमि द्वारका और जामनगर जिले में छिटपुट स्थानों पर बारिश की तीव्रता बढ़ जाएगी।

आईएमडी ने अपनी अद्यतन जानकारी देते हुए कहा ?कि उत्तर-पूर्व अरब सागर के ऊपर मौजूद वीएससीएस बिपारजॉय १४ जून २०२३ को भारतीय समयानुसार रात ढाई बजे जखौ बंदरगाह से २०० किलोमीटर पश्चिम-दक्षिण पश्चिम में था। १५ जून की शाम तक यह जखौ बंदरगाह के पास सौराष्ट्र और कच्छ तथा निकटवर्ती मांडवी एवं कराची के बीच स्थित पाकिस्तान तट से गुजरेगा। गुजरात के स्वास्थ्य मंत्री ऋषिकेश पटेल ने कहा कि कच्छ जिले में तट से शून्य से पांच किलोमीटर की दूरी में ७२ गांव, जबकि तट से पांच से १० किलोमीटर के दायरे में ४८ गांव स्थित हैं। इन तटीय गांवों से लगभग ४०,००० लोगों को निकालकर सुरक्षित जगह पहुंचाया है। आठ तटीय जिलों-कच्छ, जामनगर, मोरबी, राजकोट, देवभूमि द्वारका, जूनागढ़, पोरबंदर और गिर सोमनाथ में ७४,३४५ लोगों को अस्थायी शिविरों में ले जाया गया। एनडीआरएफ की १५ टीम, एसडीआरएफ की १२ टीम, राज्य सड़क एवं भवन विभाग की ११५ और राज्य बिजली विभाग की ३९७ टीम विभिन्न जिलों में तैनात की गई हैं।

अधिकारियों ने बताया कि स्थानीय प्रशासन और पुलिस के अलावा, एनडीआरएफ की चार टीम और एसडीआरएफ, सेना, तटरक्षक बल तथा बीएसएफ की पांच टीम चक्रवात के बाद राहत एवं बचाव कार्यों के लिए तैयार हैं। चक्रवात के बाद के काम जैसे बिजली आपूर्ति, मोबाइल नेटवर्क और अन्य बुनियादी ढांचे की बहाली के लिए हमने विस्तृत व्यवस्था की है। इस बीच, देवभूमि द्वारका के प्रसिद्ध द्वारकाधीश मंदिर और गिर सोमनाथ के सोमनाथ मंदिर को बृहस्पतिवार को दर्शनार्थियों के लिए बंद रखने का फैसला किया गया है। आईएमडी ने कहा कि चक्रवात की दस्तक के दौरान समुद्र में खगोलीय ज्वार से लगभग दो-तीन मीटर ऊंची तूफानी लहरें उठने के कारण प्रभावित जिलों के निचले इलाकों में पानी भरने की संभावना है। कुछ जगहों पर तीन से छह मीटर ऊंची लहरें उठ सकती हैं।

# 8 जिलों में अब तक कुल 74 हजार से अधिक नागरिकों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया

**क्रांति समय,सूरत**
www.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com

गांधीनगर,मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने गुजरात में संभावित चक्रवाती तूफान 'बिपरजॉय' से निपटने के लिए प्रशासन द्वारा किए गए उपायों की जानकारी प्राप्त करने के लिए गांधीनगर स्थित स्टेट इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर में मुख्य सचिव सहित उच्च अधिकारियों के साथ एक बैठक की। उन्होंने संभावित प्रभावित जिलों की तैयारियों के विषय में जायजा हासिल कर आवश्यक सुझाव दिए। संभावित चक्रवात के परिणामस्वरूप राज्य में किसी तरह की जनहानि को टालने के लिए राज्य सरकार पूरी सतर्कता बरत रही है। राज्य सरकार ने नागरिकों के स्थानांतरण पर विशेष जोर देते हुए ८ जिलों में अब तक कुल ७४ हजार से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया है। राज्य में अब तक संभावित चक्रवात से प्रभावित होने की आशंका वाले जूनागढ़ में ४६०४, कच्छ में ३४,३००, जामनगर में १०,०००, पोरबंदर में ३४६९, देवभूमि द्वारका में ५०३५, गिर सोमनाथ में १६०५, मोरबी में

**मुख्यमंत्री ने चक्रवात से प्रभावित होने की आशंका वाले जिलों में चल रहे आपदा प्रबंधन की समीक्षा की**

९२८३ और राजकोट में ६०८९ सहित कुल ८ जिलों में अब तक कुल ७४,३४५ नागरिकों को सुरक्षित स्थानों में पहुंचाया गया है। इसके अलावा, फूड पैकेट, बिजली के खंभों और जलापूर्ति की पर्याप्त तैयारियां भी की गई हैं। भारत मौसम विज्ञान विभाग की क्षेत्रीय निदेशक सुश्री मनोरमा मोहंती ने कहा है कि चक्रवाती तूफान 'बिपरजॉय' कल यानी १५ जून की शाम कच्छ के जखौ से टकराएगा और इससे प्रभावित होने की आशंका वाले जिलों में भारी से अति भारी वर्षा होने की संभावना है। समीक्षा बैठक में इस बात की भी जानकारी दी गई कि तटीय जिलों के गांवों और नगरों में लोगों को संभावित चक्रवात के असर के खिलाफ सुरक्षा और सतर्कता के उपाय और राज्य सरकार द्वारा किए गए स्थानांतरण सहित अन्य इंतजामों में सहयोग देने संबंधी मुख्यमंत्री का ऑडियो संदेश तथा व्हाट्सएप वीडियो संदेश भी सूचना विभाग की ओर से भेजा जा रहा है। इस समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव के. कैलाशनाथन, राजस्व एवं स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिवों सहित वरिष्ठ प्रधान सचिवों, सचिवों और अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों द्वारा अब तक किए गए कार्यों का ब्यौरा मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल को दिया।

# गुजरात के तटीय क्षेत्र में लेन्डफोल की प्रक्रिया शुरू कई इलाकों में तेज हवा के साथ भारी बारिश

**क्रांति समय,सूरत**
www.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com

गुजरात के तटीय क्षेत्र में लेन्डफोल की प्रक्रिया शुरू हो गई है। गुजरात खासकर तटीय क्षेत्रों के लिए आगामी छह घंटे काफी भारी साबित होने वाले हैं। तटीय इलाकों में तेज हवा के साथ अतिभारी बारिश हो रही है। खासकर कच्छ में चक्रवाती तूफान बिपरजॉय का असर दिखना शुरू हो गया है। अब चक्रवात किसी भी वक्त गुजरात से टकरा सकता है। मौसम विभाग के मुताबिक आगामी दो घंटों में चक्रवाती तूफान कच्छ के जखौ से टकरा सकता है। फिलहाल चक्रवात कच्छ के जखौ से केवल ६० किलोमीटरल दूर है। जबकि देवभूमि द्वारका से ११० किलोमीटर, कच्छ के नलिया से १४० किलोमीटर और पोरबंदर से २०० किलोमीटर दूर है। चक्रवात जब गुजरात से टकराएगा तो उसका सबसे बड़ा असर कच्छ और उसके आसपास के जिलों मोरबी, जामनगर, देवभूमि द्वारका में दिखेगा। कच्छ और आसपास के जिलों में भारी नुकसान की आशंका है। फिलहाल बिपरजॉय वेरी सिवियर सायक्लोनिक स्टोर्म के स्वरूप में है। चक्रवात जब गुजरात से टकराएगा तब हवा की गति १२० से १३० किलोमीटर प्रति घंटे की हो सकती है। जो बाद में बढ़कर १५० किलोमीटर प्रति घंटे भी हो सकती है। चक्रवात के असर से गिर सोमनाथ, पोरबंदर, जूनागढ़, जामनगर और द्वारका में तेज हवा के साथ मूशलाधार बारिश शुरू हो गई है।

मौसम विभाग के मुताबिक पोरबंदर में १७ मिमी, नलिया में १७ मिमी, भुज में १२ मिमी और कंडला में १२ मिमी बारिश दर्ज हुई है।

# जखौ बंदरगाह लोगों समेत मीडियाकर्मियों के लिए किया गया बंद, श्रमिकों के घर में घुसा पानी

**क्रांति समय,सूरत**
www.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com

कच्छ,चक्रवाती तूफान बिपरजॉय गुजरात से अभी करीब १८० किलोमीटर दूर है, लेकिन उसका कहर लगातार बढ़ता जा रहा है। चक्रवात के असर से गुजरात में खासकर तटीय इलाकों में तेज हवा के भारी से अतिभारी बारिश हो रही है। समुद्र ने रौद्र रूप धारण कर लिया है और ऊंची ऊंची डरावनी लहरें उठ रही हैं। मौजूदा स्थिति को देखते हुए कच्छ के जखौ बंदरगाह को आम लोगों समेत मीडियाकर्मियों के आवागमन पर रोक लगा दी गई है। जखौ बंदरगाह पर समुद्र का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है, जिसकी वजह से कर्मचारियों के घरों में पानी भर गया है। बता दें कि बिपरजॉय चक्रवात रात ९ से १० के दौरान जखौ से टकराएगा। उससे पहले कच्छ में चक्रवात का भयंकर असर दिखने लगा है। कच्छ के अलग अलग इलाकों में तेज हवा चल रही है। राज्य के तटीय क्षेत्र समेत कई जिलों में बारिश भी हो रही है। खासकर तटीय इलाकों में तेज हवा और भारी से अतिभारी बारिश ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा

# चक्रवात के चलते सौराष्ट्र के सभी एयरपोर्ट बंद, केवल इमर्जंसी फ्लाइटों का होगा संचालन

**क्रांति समय,सूरत**
www.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com




चक्रवाती तूफान बिपरजॉय के चलते सौराष्ट्र समेत राज्य के कई जिलों में तेज हवा और बारिश हो रही है। चक्रवात को लेकर राज्य सरकार और स्थानीय प्रशासन अलर्ट मोड पर है। चक्रवात की तीव्रता को ध्यान में रखते हुए राजकोट समेत सौराष्ट्र के सभी हवाई अड्डों को बंद कर वहां से सभी उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। कई वर्षों के बाद ऐसी पहली घटना है जब केवल राजकोट ही नहीं सौराष्ट्रभर के हवाई अड्डों से उड़ानों का संचालन रोक दिया गया है। राजकोट से दिल्ली, मुंबई और सूरत आवागमन करती पांच उड़ानों को रद्द कर दिया गया है। राजकोट एयरपोर्ट का उपयोग केवल इमर्जंसी या रेस्क्यू के लिए किया जाएगा। चक्रवात की स्थिति को देखते हुए राजकोट में एनडीआरएफ की २ टीमें और २ हेलिकॉप्टर स्टेन्ड बाय रखे गए हैं। राजकोट के अलावा जामनगर, भावनगर, दीव, केशोत समेत हवाई अड्डों की सभी फ्लाइट रद्द कर दी गई है। सभी एयरपोर्ट का उपयोग इमर्जंसी फ्लाइट लेन्ड या टेक ऑफ के लिए किया जाएगा। इस बारे में यात्रियों को पहले ही जानकारी दे दी गई है। ताकि यात्रियों को चक्रवात की स्थिति में मुश्किलों का सामना ना करना पड़े। कई सालों के बाद यह पहली घटना है, जब सौराष्ट्र के किसी भी एयरपोर्ट से फ्लाइट ने टेकऑफ नहीं किया। शुक्रवार को उड़ानों के लिए एयरपोर्ट कार्यरत होगा या नहीं इस पर भी फैसला जल्द लिया जाएगा।